संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, बुधवार 22 नवंबर 2023 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 14 अंकः 312 पृष्ठः 08 | RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



ऑस्ट्रेलिया ने भारत के तीसरी बार चैंपियन बनने का सपना तोड़ दिया। हार के बाद भारत के ड्रेसिंग रूम में पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर हौसला बढ़ाया।




## रिज़र्व बैंक - एकीकृत लोकपाल योजना

शिकायत दर्ज करने के लिए
https://cms.rbi.org.in
पर जाएँ

## आरबीआई विनियमित संस्थाओं के विरुद्ध शिकायतों के निवारण के लिए एकल सुविधा

- 30 दिनों के भीतर शिकायतों का निवारण न होने या आरबीआई द्वारा विनियमित बैंकों/एनबीएफ़सी/क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनियों/पेमेन्ट प्रणाली प्रतिभागियों द्वारा संतोषजनक निवारण न होने पर, आप उनकी शिकायत आरबीआई लोकपाल के समक्ष दर्ज कर सकते हैं
- ऑनलाइन https://cms.rbi.org.in पर या डाक द्वारा केंद्रीकृत प्राप्ति और प्रसंस्करण केंद्र, भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ़ - 160017 पर शिकायत दर्ज करें
- अपवर्जन सूची में उल्लिखित सेवाओं को छोड़कर, अन्य सेवाओं में कमियों से संबंधित सभी शिकायतें शामिल हैं
- अपनी शिकायत की वास्तविक स्थिति को शिकायत प्रबंधन प्रणाली (https://cms.rbi.org.in) पर देखें

अधिक जानकारी के लिए **14448** पर कॉल करें.

समयः कार्यदिवसों पर, राष्ट्रीय अवकाशों को छोड़कर:
- हिंदी और अंग्रेजी के लिए सुबह 8:00 बजे से रात 10:00 बजे तक
- 10 क्षेत्रीय भाषाओं (असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मराठी, मलयालम, ओडिया, पंजाबी, तेलुगु और तमिल) के लिए सुबह 9:30 बजे से शाम 5:15 बजे तक




जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/ पर जाएं
फीडबैक देने के लिए, rbikehtahai@rbi.org.in को लिखें

# सिलक्यारा सुरंग: सभी को जल्द सुरक्षित निकाल लिया जाएगा: धामी


**सुखद खबर**

**8 तस्वीर और वीडियो से पता चला कि सिलक्यारा सुरंग में फंसे सभी 41 श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं**



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को लेकर मंगलवार को सुखद खबर सामने आई है। इससे जुड़ी तस्वीर और वीडियो से पता चला कि यमुनोत्री हाईवे पर सिलक्यारा सुरंग में फंसे सभी 41 श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। रेस्क्यू टीम ने उन तक पहुंचाए गए एंडोस्कोपी फ्लेक्सी कैमरे से सभी श्रमिकों से बातचीत की। साथ ही इसका वीडियो और तस्वीरें जारी की हैं।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सभी को जल्द सुरक्षित निकाल लिया जाएगा। श्रमिकों और परिजनों से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार युद्धस्तर पर रेस्क्यू कर रही है।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बचाव कार्य में जुटी टीम ने सोमवार रात 6 इंच की पाइप से पका हुआ पौष्टिक खाना भेजने के बाद आज मंगलवार सुबह एक और बड़ी खुशखबरी दी है। बचाव दल ने सुरंग में फंसे मजदूरों तक एंडोस्कोपी कैमरा भेज कर उनकी बात परिजनों से कराई है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पूरे मनोयोग से बचाव कार्य में जुटी है, जल्द सभी श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाएगा।
मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन श्रमिकों के परिजन घटनास्थल तक नहीं पहुंचे हैं, उन तक भी श्रमिकों की कुशलता की सूचना भेजी जाए। इसके लिए वीडियो और तस्वीरें भेजी जाएंगी ताकि परिजनों का हौसला कायम रहे।

## सुरंग में फंसे श्रमिकों तक पहुंचा एंडोस्कोपिक कैमरा, सभी सुरक्षित



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
नौ दिनों के बाद सोमवार को सिलक्यारा सुरंग में रेस्क्यू टीम को दो खास सफलता मिली है। टनल में फंसे मजदूरों के लिए जहां सेकेंडरी लाइफ लाइन 6 इंच की पाइप आरपार करने में सफलता मिली, वहीं नौ दिनों बाद पहला वीडियो सामने आया है, जिसमें देखा गया कि सभी मजदूर सुरक्षित हैं। सोमवार रात 6 इंच की पाइप आरपार होने के बाद रेस्क्यू टीम ने सुरंग के अंदर एंडोस्कोपिक फ्लेक्सी कैमरा पाइप के माध्यम से डाला। इसी कैमरे से सुरंग के अंदर आसपास हो रहे भूस्खलन की स्थिति की तस्वीरें भी ली जाएंगी। वीडियो में मजदूर वॉकीटॉकी से बात करते भी दिखे।

# गढ़ सेवा संस्थान इगास बग्वाल का महा पर्व धूमधाम से मनाएगा : रविंद्र राणा




**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
गढ़ सेवा संस्थान ऋषिकेश 23 नवंबर को इगास बग्वाल का महापर्व बापू ग्राम में धूमधाम से मनाएगा। इसका शुभारंभ प्रदेश के शहरी विकास मंत्री एवं क्षेत्र विधायक प्रेमचंद अग्रवाल करेंगे। महोत्सव में ऋषिकेश क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा का कार्य करने वाली छह विभूतियों को सम्मानित भी किया जाएगा।
यह जानकारी गढ़ सेवा संस्थान के अध्यक्ष रविंद्र राणा सचिव, गोपाल सती, मनोज ध्यानी ने मंगलवार को ऋषिकेश प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि इगास बग्वाल महापर्व को मनाए जाने को लेकर संस्थान द्वारा पिछले कई दिनों से तैयारी की जा रही है, जिसमें लोग गायक अमित सागर और मीना राणा के अतिरिक्त संजय कुमोला, पदम गुंसाई द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी जाएगी।
राणा ने बताया कि इगास बग्वाल उत्तराखंड का एक बहुत ही लोकप्रिय और बहुत बड़े स्तर पर मनाया जाने वाला महलोक पर्व है। इस पर्व को बूढ़ी बग्वाल और इगास बग्वाल के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन लोग चाहे कहीं भी रहे, वह अपने घर परिवार के पास जरूर आते हैं। और पूरे घर को गांव को दीपों से जगमगाते हैं और हर्षोल्लास के साथ इस पर्व को मानते हैं इस पर्व में एक गांव में संयुक्त रूप से विशालकाय भेलू का निर्माण किया जाता है, जिसे भीम का भेलू कहा जाता है और सभी लोग उसे घुमाकर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।
इसी तर्ज पर लोक संस्कृति और लोक पर्वों को जीवित रखने की परंपरा इस बार ऋषिकेश में भी 23 नवंबर को जूनियर हाई स्कूल बापू ग्राम में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।
प्रेस वार्ता में अरुण बडोनी, सुमित पंवार ,विजय रावत, दिनेश पयाल आदि भी उपस्थिति थे।

**न्यूज फ्लैश**

## नीट-पीजी की खाली सीटों पर विशेष काउंसिलिंग से होंगे दाखिले, पढ़ें जरूरी जानकारी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मेडिकल काउंसिलिंग कमेटी (एमसीसी) के दिशानिर्देश के अनुसार नीट पीजी की खाली सीटों को विशेष स्ट्रे वैकेंसी राउंड से भरा जाएगा। इसके लिए विवि ने काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया है।
नीट यूजी की तर्ज पर अब नीट पीजी की खाली सीटों पर विशेष काउंसिलिंग से दाखिले किए जाएंगे। इसके लिए एचएनबी चिकित्सा शिक्षा विवि ने विशेष स्ट्रे वैकेंसी राउंड की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 22 से 26 नवंबर तक खाली सीटों के लिए अभ्यर्थी ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।
एचएनबी चिकित्सा विवि के कुलसचिव डॉ. आशीष उनियाल ने बताया, मेडिकल काउंसिलिंग कमेटी (एमसीसी) के दिशानिर्देश के अनुसार नीट पीजी की खाली सीटों को विशेष स्ट्रे वैकेंसी राउंड से भरा जाएगा। इसके लिए विवि ने काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया है। 22 से 26 नवंबर तक ऑनलाइन पंजीकरण किया जाएगा। 22 नवंबर को 11 बजे से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू होगी। इसके बाद 27 नवंबर को अखिल भारतीय स्तर पर नीट-पीजी का परिणाम घोषित किया जाएगा। 28 से 30 नवंबर तक मेडिकल कॉलेज में प्रवेश की तिथि तय की गई है।

## यात्रियों और बाजार के लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए बायो टॉयलेट में लगी आग, नहीं हुई जनहानि

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
यात्रियों और बाजार के लोगों की सुविधा को देखते हुए चंद्रभागा पुल के निकट आईएसबीटी रोड पर नगर निगम के बनाए गए बायो टॉयलेट में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने का से बाजार में अफरा तफरी मच गई। क्षेत्रीय पार्षद देवेंद्र प्रजापति ने फायर ब्रिगेड की टीम को फोन कर घटनास्थल पर बुलाया। फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बायो टॉयलेट में लगी आग पर काबू पा लिया। इसमें कोई जनहानि की सूचना नहीं है।
आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हैं। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने मामले में अपनी जांच शुरू कर दी है। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों का प्रथम दृष्टया मानना है कि संभवत किसी ने स्मोकिंग कर बीड़ी या सिगरेट बायो टॉयलेट की ओर फेंकी है, जिससे बायो टॉयलेट में रखी किसी वस्तु ने आग पकड़ ली और आग ने विकराल रूप ले लिया। क्षेत्रीय पार्षद देवेंद्र प्रजापति ने बताया कि जब तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, तब तक लोगों ने बाल्टियों से पानी भर भर कर बायो टॉयलेट में फेंका, जिससे कि आग ज्यादा ना फैले। आग लगने के दौरान बायो टॉयलेट में अंदर कोई नहीं था।

## भारत की हार से परेशान गुजरात के युवक ने हरिद्वार में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुजरात से यात्रियों का ग्रुप लेकर हरिद्वार आए एक ग्रुप लीडर ने भारत ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए फाइनल मुकाबले में भारत की हर से दुखी होकर आत्महत्या कर ली। सप्तऋषि क्षेत्र में एक होटल में युवक ने घटना को अंजाम दिया। घटना सोमवार की बताई जा रही है।
एक ग्रुप लीडर युवक गुजरात से अपने साथियों सहित हरिद्वार घूमने आया था। सभी सप्तऋषि स्थित एक होटल में ठहरे थे। बताते हैं कि सोमवार की सुबह वह होटल के कमरे में चला गया। युवक की आत्महत्या की जानकारी लोगों को उस समय हुई, जब मृतक कल्पेश काफी समय तक अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो इसके बाद होटल के स्टाफ व ग्रुप लीडर के साथ आए लोगों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो अंदर का नजारा देखकर वह भौंचक्के रह गए। युवक फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टपार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया।

## बीड़ी कारोबारी के घर आयकर विभाग का छापा, जांच में जुटी टीम



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आयकर की टीम सुबह करीब तीन बजे ज्वालापुर स्थित वसंत विहार कॉलोनी में कारोबारी के घर पहुंची थी। इस दौरान टीम के साथ स्थानीय पुलिस भी है।
हरिद्वार में मंगलवार को एक बीड़ी कारोबारी के घर पर आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा। टीम ने कारोबारी के घर पर डेरा जमाया हुआ है। टीम की ओर से दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, आयकर की टीम सुबह करीब तीन बजे ज्वालापुर स्थित वसंत विहार कॉलोनी में कारोबारी के घर पहुंची थी। इस दौरान टीम के साथ स्थानीय पुलिस भी है।

## विकास के लिए 135 करोड़ की धनराशि मिलने पर जताया आभार



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्र सरकार ने कोटद्वार में खोह नदी की सफाई और एसटीपी प्लांट के लिए 135 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। इस पर विधानसभा अध्यक्ष खंडूड़ी ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री का आभार जताया है।
उत्तराखंड राज्य को नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा नदी जल प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगभग 135 करोड़ रुपये की लागत परियोजना को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार की 52वीं कार्यकारी समिति की बैठक में सैद्धान्तिक स्वीकृति मिली है। इस स्वीकृति को लेकर कोटद्वार विधायक एवम उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने केंद्रीय और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है।
विधानसभा अध्यक्ष ने इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कोटद्वार को नमामि गंगे के माध्यम से एक सौ पैंतीस करोड़ रुपये दिए गए हैं। हमारी खो नदी में जो नाले गिरते हैं, उनको टैप करने के लिए और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी, जलशक्ति मंत्री शेखावत और मुख्यमंत्री की वजह से कोटद्वार को ये एक सौ पैंतीस करोड़ की सौगात मिली है।
विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कोटद्वार के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बहुत आवश्यक था और इसके लिए पिछले डेढ़ साल से वे केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रालयों से बातचीत में लगी हुई थीं। उन्होंने बताया कि वे केंद्रीय मंत्री से मिली और डीजी को भी दो से तीन बार इस संबंध में मिलीं ओर अनगिनत चिट्ठियां लिखीं।उन्होंने बताया कि इस स्वीकृत परियोजना में उत्तराखंड के जनपद पौड़ी गढ़वाल क्षेत्र के कोटद्वार शहर में बहने वाली खोह नदी में गिरने वाले 09 नालों को टैप करने एवं 21 एम.एल.डी. सीवेज शोधन संयंत्र के निर्माण की स्वीकृति के लिए सहमति (लागत- लगभग 135 करोड़) प्रदान की गई है।
खोह नदी कोटद्वार नगर से बहते हुए रामगंगा नदी में मिलती है, जो कि आगे चलकर गंगा नदी की प्रमुख सहायक नदी है। परियोजना के निर्माण से खोह एवं रामगंगा नदी के पारिस्थितिकी तंत्र में तो सुधार होगा। साथ ही साथ गंगा नदी में दूषित जल का प्रवाह रुकेगा।

# प्रधानमंत्री सिलक्यारा रेस्क्यू को लेकर चिंतित

**जानकारी**

**8 प्रधानमंत्री ने चौथी बार मुख्यमंत्री को फोन कर वहां चल रहे राहत और बचाव कार्यों की जानकारी ली।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों की सकुशल वापसी को लेकर चिंतित हैं। प्रधानमंत्री मंगलवार सुबह चौथी बार मुख्यमंत्री को फोन कर वहां चल रहे राहत और बचाव कार्यों की जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने कहा कि सुरंग में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के माध्यम से प्रधानमंत्री से बातचीत की जानकारी दी। मुख्यमंत्री के मुताबिक प्रधानमंत्री आज पुनः फोन कर सिलक्यारा, उत्तरकाशी में निमार्णाधीन सुरंग में फंसे श्रमिकों के राहत और बचाव कार्यों की जानकारी ली।
इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया कि 6 इंच व्यास की पाइप लाइन के सफलता पूर्वक मलबे के आरपार किया गया। इसके माध्यम से भोजन और अन्य आवश्यक सामान श्रमिकों तक पहुंचाए जाने की जानकारी दी।
श्रमिकों से एंडोस्कोपिक फ़्लेक्सी कैमरे की मदद से हुई बातचीत की भी जानकारी भी दी।

## मां-बेटे की रहस्यमय मौत, हत्या की आशंका

**जलपाईगुड़ी/टीम एक्शन इंडिया**
मां-बेटे की रहस्यमय मौत से मंगलवार को मयनागुड़ी शहर में हड़कंप मच गया है। घटना वार्ड नंबर-12 से सामने आई है।
मृतकों की पहचान सविता बर्मन (65) और बेटे परिमल बर्मन (45) के रूप में हुई है।
सूत्रों के अनुसार, स्थानीय लोगों ने आज सुबह धान के खेत में परिमल बर्मन का क्षत-विक्षत शव देखा। सूचना पर मयनागुड़ी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद धान खेत से परिमल का शव बरामद किया। मयनागुड़ी थाने की पुलिस ने आज सुबह घर के अंदर से सविता देवी का शव बरामद किया है।

# हाईकोर्ट: जबरन रिटायर किए गए चालक और परिचालकों को बहाल करने का आदेश

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड हाईकोर्ट ने परिवहन निगम प्रबंधन की ओर से जबरन सेवानिवृत्त किए गए चालक-परिचालकों को सवेतन बहाल करने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने उत्तराखंड परिवहन निगम प्रबंधन की ओर से दिव्यांगता की वजह से जबरन सेवानिवृत्त किए गए चालक-परिचालकों को सवेतन बहाल करने के आदेश दिए हैं।
न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया था।
याचिकाकताओं ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि वे रोडवेज में चालक व परिचालक के रूप में कार्य कर रहे थे। रोडवेज में डयूटी के दौरान दिव्यांगता की वजह से चालक-परिचालकों से अन्य काम लिया जा रहा था। सितंबर 2022 में परिवहन निगम बोर्ड ने इन याचिकाकर्ता चालक-परिचालकों को तीन माह का नोटिस देकर जबरन सेवानिवृत्त करने का निर्णय लिया। याचिकाकताओं ने नोटिस को हाईकोर्ट में चुनौती दी। पूर्व में कोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित कर आदेश पर रोक लगा रखी थी। इसके विरुद्ध रोडवेज ने स्पेशल अपील दायर कर चुनौती दी। पूर्व में तत्कालीन चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने स्पेशल अपील को खारिज करते हुए एकलपीठ को याचिका के जल्द निस्तारण के आदेश दिए थे। एकलपीठ ने सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित रख लिया था।

# शिक्षकों के अंतरमंडलीय तबादलों की तैयारी, भेजा प्रस्ताव




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
तबादलों के लिए सहायक अध्यापक एलटी के दोनों मंडलों से उन शिक्षकों के नाम लिए जाएंगे। जिन शिक्षकों की कम से कम तीन साल की एक मंडल में सेवा पूरी हो चुकी है।
शिक्षा विभाग में 400 शिक्षकों के अंतरमंडलीय तबादलों की तैयारी है। शिक्षा महानिदेशालय ने इस संबंध में शासन को प्रस्ताव भेज दिया है। धारा 27 के तहत प्रस्ताव को मंजूरी मिली तो 200 शिक्षक गढ़वाल से कुमाऊं और इतने ही शिक्षक कुमाऊं से गढ़वाल मंडल में तबादला पा सकेंगे।राजकीय शिक्षक संघ की ओर से पिछले काफी समय से शिक्षकों के अंतरमंडलीय तबादलों की मांग की जा रही थी। शिक्षकों की मांग को देखते हुए शिक्षा महानिदेशालय ने इस संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजा है। विभागीय अधिकारियों ने कहा, तबादलों के लिए सहायक अध्यापक एलटी के दोनों मंडलों से उन शिक्षकों के नाम लिए जाएंगे। जिन शिक्षकों की कम से कम तीन साल की एक मंडल में सेवा पूरी हो चुकी है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति की धारा 27 के तहत अनुमति मिलने के बाद इन शिक्षकों के एक से दूसरे मंडल में तबादले हो सकेंगे।
हालांकि, सहायक अध्यापक एलटी को राज्य संवर्ग किए जाने का प्रस्ताव अभी नहीं भेजा जा सका है।
विभाग की ओर से यह प्रस्ताव तैयार किया जाना था जो अब तक नहीं हो पाया है।

# मशीनों की खरीद के नाम पर करता था ठगी, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
इंजेक्शन मॉडलिंग मशीनों की खरीद के नाम पर ठगी करने वाले आरोपित को पुलिस ने पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के खिलाफ जनपद के भगवानपुर में मुकदमा दर्ज था।
जनपद के थाना भगवानपुर निवासी शहजाद ने कस्बा भगवानपुर में प्लास्टिक के खिलौने बनाने के काम के लिये इन्जेक्शन मॉडलिंग मशीनें गूगल में सर्च कर आनलाइन इंडिया मार्ट बेबसाइट, एप के जरिये लुधियाना पंजाब स्थित प्रिनैक्स इन्जीनियरिग वर्क्स के स्वामी जसविन्द्र सिंह कालसी से मंगवाई थीं। मोबाइल पर हुई बातचीत में सम्बन्धित फर्म से 02 मशीनों का सौदा बाईस लाख चौबीस हजार बत्तीस रुपए में तय किया गया था। मशीनों की कोटेशन के आधार पर शिकायतकर्ता द्वारा साढ़े पन्द्रह लाख रुपये एडवांस दिए गए थे। एडवांस पेमेंट मिलने के बाद सप्लायर ने अपनी फर्म का स्थान बदल दिया और धनराशि की धोखाधड़ी कर मशीनें भी उपलब्ध नहीं कराईं। इस संबंध में पीड़ित शहजाद ने भगवानपुर थाने में धोखाधड़ी के संबंध में तहरीर देकर 31 मई को मुकदमा दर्ज कराया था।
धोखाधड़ी होने के बाद शहजाद को बैंक की किस्त का भुगतान करने में भी परेशानी सामने आने लगी। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में सामने आया की आरोपित इण्डिया मार्ट बिजनेस एप के माध्यम से लोगों से धोखाधड़ी कर अपनी फर्म का ठिकाना बदल कर इधर-उधर हो जाता है। जिस कारण आरोपित काफी समय से पकड़ में नहीं आ रहा था।
पुलिस जांच में ठीक ऐसे ही गौतमबुद्ध नगर उ.प्र. निवासी एक और लघु उद्यमी के साथ ठगी करने के प्रयास की जानकारी मिली। पुलिस टीम ने यूपी के उद्यमी के माध्यम से आरोपित को ट्रैप करने के लिये एक जाल बिछाया। उन्होंने लुधियाना पंजाब में इन्जेक्शन माडलिंग मशीन दिखाने के बहाने रायपुर थाना मोतीनगर लुधियाना पंजाब से आरोपित जसविन्दर सिंह कालसी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने धोखाधड़ी की बात कबूली। आरोपित ने अपना नाम जसविन्दर सिंह कालसी पुत्र प्रताप सिंह निवासी गुरु अमरदास कालोनी ग्यासपुरा थाना डाबा जनपद लुधियाना पंजाब बताया। पुलिस ने आरोपित के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल व दो सिम बरामद किए। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से [illegible] द्वारा ई–टेंडर जिनके बंद होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदाकर्ता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेंडर संख्या / दिनांक | 228-DRM-MB-23-24 Date: 20.11.2023 | 229-DRM-MB-23-24 Date: 20.11.2023 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Rebuilding of Bridge no. 57 (1x3.05 Mtr) span at Km 34/13-14 with RCC box on LRJ-DDN section under ADEN/HW | Rebuilding of dilapidated RCC slab Bridges 1286 UP (1x3.06m) and 1263 DN (1x3.0m) on MB-SRE section under ADEN/RK |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक / समय | 14.12.2023 (16.00 बजे) | 14.12.2023 (16.00 बजे) |
| अनुमानित लागत | ₹71,11,880.74 | ₹65,76,090.83 |
| धरोहर राशि | ₹1,42,200.00 | ₹1,31,500.00 |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 30.11.2023 | 30.11.2023 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | 06 माह |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 20.11.2023 3637/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रू0) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रू0) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 51/वरिष्ठ म.वि.अभि/मुरा/सा./मुरा/2023– [illegible] | 711567.30 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 14200.00 | 6 (छ:) माह | निविदायें दिनांक 13.12.2023 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15.00 बजे खोली जायेंगी। |
| 2. | 52/वरिष्ठ म.वि.अभि/मुरा/सा./मुरा/2023– मुरादाबाद मंडल के विभिन्न स्थानों पर [illegible] के संबंध में विद्युत कार्य। | (जीएसटी सहित) 2590592.73 | | 51800.00 | | |
| | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। | | | | |

निविदा सूचना सं0: 47/2023 दिनांक: 21.11.2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3655/23

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज     समूह संपादक : रवि भारद्वाज     देहरादून, बुधवार 22 नवंबर 2023 ₹ 1     www.actionindialive.com     facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 14 अंक: 312 पृष्ठ: 08     RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com     उत्तराखण्ड संस्करण     दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



राजस्थान में कांग्रेस ने घोषणापत्र जारी किया।

**फास्ट न्यूज**

## सुनक ने कहा था- कोरोना से लोगों को मरने दो: पैनल

**टीम एक्शन इंडिया/लंदन**
ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 2020 में कोरोना के दौरान दूसरा लॉकडाउन लगाने के खिलाफ थे। वित्त मंत्री के तौर पर उन्होंने कहा था कि लोगों को मर जाने दो। ब्रिटेन के कोरोना महामारी पर बने एक पैनल ने यह दावा किया है। यह पैनल इस बात की जांच कर रहा है कि ब्रिटेन में कोविड-19 को किस तरह से हैंडल किया गया था। एक सुनवाई में पैनल ने बताया कि सुनक की कही बातों को सरकार के चीफ साइंटिफिक एडवाइजर पैट्रेक वालेंस ने एक मीटिंग के दौरान 25 अक्टूबर 2020 को डायरी में नोट कर लिया था। उस दौरान सुनक ब्रिटेन के वित्त मंत्री और बोरिस जॉनसन ब्रिटेन के प्रधानमंत्री थे। वे कोरोना से निपटने की रणनीति को लेकर चर्चा कर रहे थे। सुनक के प्रवक्ता ने कहा है कि प्रधानमंत्री किसी एक सवाल का जवाब देने की बजाय पूरे मामले पर सबूत के साथ पेश होंगे। कोरोना के दौरान ब्रिटेन में 2 लाख 20 हजार लोगों की मौत हुई थी। कोरोना पर बना पैनल 2026 तक अपनी जांच जारी रखेगा। सरकारी अधिकारियों ने आरोप लगाया था कि सरकार की टॉक्सिक अप्रोच की वजह से महामारी से निपटने में परेशानियां हुई थीं।

## केसीआर ने तेलंगाना को कर्ज में डुबोया: सीतारमण

**नई दिल्ली:** भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को आर्थिक नीतियों की विफलता के लिए तेलंगाना सरकार पर निशाना साधा। सीतारमण ने मुख्यमंत्री केसीआर पर आरोप लगाया कि उन्होंने तेलंगाना को एक 'कर्ज में डूबे' राज्य में बदल दिया है। सीतारमण ने हैदराबाद में मीडियाकर्मियों से कहा कि 2014 में गठन के वक्त तेलंगाना जो राजस्व अधिशेष वाला राज्य था, वह अब राजस्व घाटे वाला राज्य बन गया है। इसका 'श्रेय' मुख्यमंत्री केसीआर को जाता है। तेलंगाना की अगली दो से तीन पीढ़ियां कर्ज चुकाएंगी। तेलंगाना देश के उन राज्यों में से एक है, जो शराब, पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने का विरोध कर रहा है।

## सुकमा नक्सली हमले की जांच छत्तीसगढ़ पुलिस करती रहेगी

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के सुकमा में 2013 में नक्सली हमले में 27 कांग्रेस नेताओं की मौत की जांच पर एनआईए की याचिका खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि व्यापक षड्यंत्र के पहलू पर राज्य पुलिस जांच करती रहेगी। एनआईए का कहना था कि उसने शुरू से जांच की। दो चार्जशीट भी दाखिल की, जिसमें 39 लोगों को आरोपित बनाया गया है, लेकिन 2020 में पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी। उल्लेखनीय है कि नक्सलियों ने कांग्रेस के पूरे राज्य नेतृत्व का सफाया कर दिया था।

# जगी उम्मीद: भाई से बोला सुरंग में फंसा फोरमैन, चिंता न करो..दो दिन में बाहर आ जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**
**उत्तरकाशी** की सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को निकालने के लिए बचाव अभियान 10वें दिन भी जारी है। मंगलवार को पाइप से एंडोस्कोपिक कैमरे को भीतर पहुंचाया गया। इस दौरान कैमरे से टनल के भीतर फंसे हुए श्रमिकों की तस्वीर दिखाई। इस दौरान भीतर फंसे फोरमैन सबा के भाई ने उनसे बात की। फोरमैन ने भाई को कहा कि 'बाहर हमारे जो भी घरवाले हैं सबको सलाम। यहां हम ठीक हैं। खाने के लिए भी समय पर मिल रहा है। ऑक्सीजन भी मिल रही है। हमें उम्मीद है कि एक दो दिन में हम बाहर आ जाएंगे'।

**मजदूरों को भेजे गए संतरे:** सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को छह इंच के पाइप से फल भेजे गए हैं। अंदर फंसे मजदूरों के परिजनों का कहना है कि उन्हें खुशी है कि अंदर फंसे सभी लोग सुरक्षित हैं और उन्हें दसवें दिन फल भेजे गए हैं। टनल के भीतर रात तीन बजे छह इंच की पाइप लाइन ब्लॉक हुई थी, जिसे फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पानी के प्रेशर से साफ किया। इसके बाद ही कैमरा अंदर जा पाया। वहीं एसजेवीएन की मशीन दोपहर तक टनल के ऊपर पहुंचने की उम्मीद। शाम या रात को शुरू हो सकती है वर्टिकल ड्रिल। टनल के भीतर अमेरिकी ऑगर मशीन को जल्दी ही शुरू करने की तैयारी।

**बचाव अभियान**

> 8 'बाहर हमारे जो भी घरवाले हैं सबको सलाम। यहां हम ठीक हैं। खाने के लिए भी समय पर मिल रहा है'



टनल में फंसे मजदूरों को फल जैसे संतरे भेजे गए। परिजन टनल में पहुंचे। अपनों से बात करके संतुष्ट दिखे। टनल के आसपास भारी बंदिशें हैं, सरकारी वाहन भी नहीं जाने दे रहे। यूपीसीएल के इंजीनियरों

## आधुनिक तकनीकी के साथ आस्था से भी उम्मीद

**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**
**उत्तरकाशी में** सिलक्यारा सुरंग में खोज बचाव अभियान को सफल बनाने की कामना को लेकर 18 नवंबर को निर्माण कंपनी नवयुग इंजीनियरिंग व एनएचआइडीसीएल ने सुरंग के गेट की दायीं ओर एक मंदिर स्थापित किया। इस मंदिर में नियमित सुबह शाम पूजा अर्चना की जा रही है। इसी रेस्क्यू अभियान के सफल होने की कामना कर रहे हैं। एनडीएमए के सदस्य ने कहा कि एनडीआरएफ की दो टीमें किसी भी आकस्मिकता और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए साइट पर रिहर्सल कर रही हैं। तकनीकी विशेषज्ञों को या सुरंग में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए रेंगकर सुरंग में प्रवेश करने की जरूरत पड़ी तो वह मदद के लिए वहां मौजूद है।

## प्रभारी मंत्री ने सिलक्यारा में की खोज बचाव अभियान की समीक्षा

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी की सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को निकालने के लिए बचाव अभियान 10वें दिन भी जारी है। मंगलवार को पाइप से एंडोस्कोपिक कैमरे को भीतर पहुंचाया गया। सिलक्यारा सुरंग में हुई भूस्खलन की घटना के दसवें दिन कैबिनेट मंत्री एवं उत्तरकाशी जिले के प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल सिलक्यारा पहुंचे। मंगलवार की शाम को उन्होंने सिलक्यारा टनल के अंदर चल रहे खोज बचाव कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही उच्च अधिकारियों के साथ बैठक भी की। प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि सभी श्रमिकों को सुरक्षित अतिशीघ्र निकाला जाए।

# तीन दिसंबर कांग्रेस छूमंतर: मोदी

= करौली में पीएम मोदी बोले- जादूगर कितना भी जादू करे, तीन दिसंबर को कांग्रेस छूमंतर

**कांग्रेस निशाने पर**

> 8 जब से यहां कांग्रेस की सरकार बनी है तब से राजस्थान में हर तीज-त्योहार के दौरान दंगे होते रहे है: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**राजस्थान** के करौली में मंगलवार को पीएम मोदी ने चुनावी सभा को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। वहीं, विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस ने अपना जनघोषणा पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इसे जारी करते हुए जनता से कई वादे किए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि राज्य में कानून का राज हो यह राज्य की पहली जिम्मेदारी होती है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जब से यहां कांग्रेस की सरकार बनी है तब से राजस्थान में हर तीज-त्योहार के दौरान दंगे होते रहे हैं। एक तरह से हर वर्ष राजस्थान में कोई न कोई बड़ा दंगा जरूर हुआ है। मैं छोटे दंगों की बात नहीं कर रहा हूं। मैं बड़े दंगों की बात करता हूं, जिसने देश को चौंका दिया। अक्टूबर 2019 में टोंक में बड़ा दंगा, 2020 में डूंगरपुर में बड़ा दंगा, 2021 में झालावाड़ और बारां में दो बड़े दंगे और 2022 में फिर कांग्रेस ने जोधपुर और करौली को दंगों की आग में झोंक दिया। उन्होंने कहा कि पिछले साल नववर्ष की शोभायात्रा के दौरान करौली में जो कुछ हुआ क्या आप लोग उसे भूल सकते हैं क्या। यहां पत्थरबाजी में कितने ही लोग लहू-लुहान हो गए, घायल हो गए, कितनों का व्यापार-कारोबार चौपट हो गया। कहीं परशुराम जयंती पर हमला, कहीं नववर्ष की शोभायात्रा पर हमला और कभी दशहरे के जुलूस पर हमला। ये हमले क्यों रुकते नहीं हैं भाई।
ये हमले इसलिए नहीं रुकते हैं क्योंकि दंगों के आरोपी मुख्यमंत्री के आवास पर दावत करते हैं। ये अपराधियों को दावत दे क्या वो कांग्रेस आपकी रक्षा कर सकती है। पीएम ने कहा कि आपके पास बंगला, गाड़ी, खेत-खलिहान और सभी सुख-सुविधाएं हों जीवन में कोई कमी न हो। इसके बाद भी आपका जवान बेटा-बेटी शाम घर न लौटे और उसकी डेडबॉडी आ जाए तो ये सुख-सुविधाएं किस काम की।



### 'शांति और सुरक्षा राजस्थान में विकास के लिए बहुत जरूरी'

**पीएम** ने कहा कि अगर आपको रक्षा नहीं मिलती है, अगर आपका जीवन सुरक्षित नहीं है, बेटा बाहर जाए तो शाम को घर लौटेगा कि नहीं लौटेगा इसका मां-बाप को तनाव हो तो रुपयों का क्या करोगे दोस्तों। इसलिए शांति और सुरक्षा राजस्थान में विकास के लिए बहुत जरूरी है।
मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के इस पंजे ने राजस्थान के लोगों को त्रस्त कर दिया है। इसलिए जनता ने भी ठान लिया है कि अब कांग्रेस को वापस नहीं आने देना है। कांग्रेस का जाना तय है, विदाई पक्की है। हमारे कांग्रेस के जादूगर साहब अब कुछ दिन के लिए सीएम की कुर्सी पर हैं। पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। यहां पर जादूगर दुनिया भर का जादू कर ले, काला जादू कर ले, जो भी कमाल करना है कर ले, लेकिन राजस्थान की जनता के जादू के सामने इस जादूगर की कोई ताकत नहीं चल सकती।

### कांग्रेस का घोषणापत्र झूठ का पुलिंदा: शेखावत

**जयपुर** में भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर पर प्रेसवार्ता को संबोधित कर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस के घोषणा-पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया उन्होंने कांग्रेस पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। शेखावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 15 साल तक शासन किया और तीन बार एक ही व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनने का मौका दिया। लेकिन सिवाय प्रदेश को रेप कैपिटल बनाने, किसानों की जमीनें नीलाम करने और युवाओं से पेपर लीक के नाम पर छलावा करने के कुछ भी नहीं किया। कांग्रेस पार्टी ने 2018 में भी घोषणा पत्र जारी किया था जो कि महज 44 पेज का था। उसमें कांग्रेस पार्टी ने जो वादे और घोषणाएं की थी, उनमें से एक भी पूरा नहीं किया। इसलिए अबकी बार दोगुना 85 पेज का घोषणा पत्र लेकर आए हैं।



यूपी के साथ ही राजस्थान के दिल में भी योगी आदित्यनाथ उतर गए। मंगलवार को चुनावी समर में कमल खिलाने का आह्वान करने पहुंचे सीएम योगी को देखने-सुनने छतों से लेकर रैलियों तक हजारों की भीड़ उमड़ी रही।

## 'आपातकाल के बाद जजों का सबसे बड़ा तबादला...'

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**कानून** एवं न्याय मंत्रालय की अनुशंसा पर हाल ही में उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति बिबेक चौधरी का कलकत्ता से पटना उच्च न्यायालय में तबादला किया है। इसको लेकर उन्होंने अपने विदाई समारोह में प्रतिक्रिया दी है। न्यायमूर्ति चौधरी ने कहा कि उनका तबादला कार्यपालिका से न्यापालिका में शक्ति परिवर्तन की शुरूआत का संकेत है। न्यायमूर्ति चौधरी ने कहा कि 1975 के आपातकाल के दौरान कार्यपालिका ने विभिन्न उच्च न्यायालयों के 16 न्यायाधीशों का तबादला किया था।

## रामायण-महाभारत एनसीईआरटी की बुक में पढ़ाए जा सकते हैं



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एनसीईआरटी** के एक पैनल ने को सोशल साइंस के सिलेबस में बदलाव के सुझाव दिए हैं। कहा है कि सोशल साइंस में वेद और आयुर्वेद भी पढ़ाया जाना चाहिए। भारत के महाकाव्य रामायण और महाभारत नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) के सिलेबस में शामिल हो सकते हैं। इन्हें स्कूल के इतिहास के सिलेबस में भारत के क्लासिकल पीरियड की कैटेगरी में रखा जा सकता है। एनसीईआरटी के ही हाईलेवल पैनल सोशल साइंस कमेटी ने इसकी सिफारिश की है। हालांकि, अभी यह तय नहीं है कि रामायण-महाभारत किस क्लास के किस चैप्टर में पढ़ाई जाएंगी।
प्रो. सीआई आईजैक ने बताया कि पैनल ने यह प्रस्ताव भी रखा कि स्कूल की हर क्लास में दीवार पर संविधान की प्रस्तावना लिखी जाए। यह क्षेत्रीय भाषा में होनी चाहिए। आईजैक इतिहास के रिटायर्ड प्रोफेसर हैं।
**कौन सी कमेटी और इसने क्या प्रस्ताव रखे:** दरअसल, एनसीईआरटी की सोशल साइंस कमेटी स्कूलों में इस विषय के पाठ्यक्रम को फिर से तय करने के लिए बनाई गई है। कमेटी यह भी प्रस्ताव है कि इंडियन नॉलेज सिस्टम तैयार किया जाए। किताबों में वेद और आयुर्वेद को भी शामिल किया जाए। कमेटी ने ये सिफारिश भी की है कि टेक्स्ट बुक में इंडिया की जगह भारत लिखा जाए।

**प्रस्ताव**

> 8 पैनल का यह भी प्रस्ताव- संविधान की प्रस्तावना हर क्लास की दीवार पर लिखी जाए

## हरियाणा में हम किसानों को हर तरह की मदद कर रहे हैं: खट्टर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पराली** मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने खासकर पंजाब सरकार के खिलाफ जो बात कही है... इससे एक बात तो स्पष्ट है कि पंजाब सरकार को इस पर जितना ध्यान देना चाहिए, उतना नहीं दिया है।
सीएम मनोहर लाल ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का उल्लेख किया, जिसमें पंजाब सरकार को हरियाणा से सीखने की सलाह दी गई। मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा में हम किसानों को हर तरह की मदद कर रहे हैं ताकि वे पराली न जलाएं और उन्होंने इसे बंद भी कर दिया है। मैं हरियाणा के किसानों को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने पराली जलाना बंद कर दिया है। सीएम मनोहर लाल ने कहा कि धान न उगाने की हमारी अपील पर भी किसानों ने अमल किया है।

## बागेश्वर: सीएम धामी करेंगे विकास कार्यों का लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया/बागेश्वर**
**उत्तराखंड** में विकास की रफ्तार तेज हो गई है। अब हर जिले में विकास परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। इन्हीं में से एक है बागेश्वर। अब बागेश्वर की तस्वीर बदलने वाली है। जिले के एक करोड़ से अधिक 58 विकास कार्यों को मुख्यमंत्री 30 नवंबर को वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। नुमाइखेत मैदान पर प्रभारी जिला मंत्री सौरभ बहुगुणा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। विकास भवन सभागार पर आयोजित बैठक में मुख्य विकास



अधिकारी आरसी तिवारी ने अधिकारियों को लोकार्पण एवं शिलान्यास की सभी तैयारियां करने के निर्देश दिए। **विकास कार्यों पर दिया जाएगा जोर:** बैठक में आरसी तिवारी ने कहा कि लोनिवि पंडाल, कुर्सी, माइक आदि की व्यवस्था करेगा। ग्रामीण निर्माण विभाग लोकार्पण, शिलान्यास पट बनाएगा। लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जाएगी। लाभार्थी योजनाओं के चेक होंगे।

**विकास कार्य**

> 8 जिले के एक करोड़ से अधिक 58 विकास कार्यों को सीएम 30 को वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे

**सीएम की सख्ती**

मुख्यमंत्री ने सड़कों पर डिवाईडर, रिफ्लेक्टर, साइनेज लाईटिंग की अच्छी व्यवस्थाएं रखने के भी दिये निर्देश

# '30 नवंबर तक सड़कों को गड्ढा मुक्त न बनाने वाले अफसरों पर होगी कार्रवाई'

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून - मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में लोक निर्माण विभाग की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि 30 नवम्बर तक सड़को को पूर्ण रूप से गड्ढा मुक्त बनाया जाय। सचिव लोक निर्माण विभाग एवं अन्य सर्कल ऑफिसर सड़कों का स्थलीय निरीक्षण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्धारित समयावधि में सड़को के गड्ढा मुक्त न होने की स्थिति में और कार्यों के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों पर मौके पर ही निलंबन की कार्रवाई की जाए।
मुख्यमंत्री ने कहा कि वे कभी भी सड़कों के निर्माण कार्यों एवं पैच वर्क से संबधित कार्यों का औचक निरीक्षण कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्मार्ट सिटी के कार्यों और आतंरिक सड़क मार्गों के कार्यों में भी युद्धस्तर पर कार्य किये जाएं। शहर में सड़कों के निर्माण कार्य रात्रि के समय तेजी से किये जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये जो भी सड़के बनाई जा रही हैं, उनमें गुणवत्तापूर्वक कार्य हो, इसकी निगरानी के लिए सचिव लोक निर्माण विभाग को नोडल अधिकारी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जहां पर भी निर्माण कार्य प्रगति पर है वहां पर बैरिकेटिंग सही तरह से लगे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि लोगों को आवागमन के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। सड़कों पर डिवाईडर, रिफ्लेक्टर, साइनेज लाईटिंग की अच्छी व्यवस्थाएं रखने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और आपदा प्रबंधन पर 6वीं अन्तरराष्ट्रीय कांग्रेस दो बड़े आयोजन होने इसके दृष्टिगत भी सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं।



**निर्देश**

> 8 सीएम ने सचिव लोक निर्माण विभाग एवं सर्कल ऑफिसरों को सड़कों का स्थलीय निरीक्षण करने के दिये निर्देश

# बिहार में 75 प्रतिशत आरक्षण लागू

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार** में सेवाओं और शिक्षण संस्थानों में दाखिले को लेकर 75 प्रतिशत आरक्षण लागू हो गया है। राज्यपाल विश्वनाथ आर्लेकर के हस्ताक्षर और गजट अधिसूचना के साथ ही राज्य की सरकारी सेवाओं और सरकारी शिक्षण संस्थानों के दाखिले में आरक्षण की नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। विधेयक के अनुसार प्रोन्नति के मामले में सिर्फ अजा एवं अजजा को विशेष सुविधा मिलेगी। आरक्षण की ये सुविधा सीधी भर्ती में मिलेगी। बिहार विधानसभा में नौ और विधान परिषद में 10 नवंबर को इन विधेयकों सर्व सम्मति से स्वीकृति मिली थी।

विधानसभा



सचिवालय ने 12 नवंबर को इन्हें राज्यपाल के पास भेज दिया था। उसी दिन राज्यपाल के पास कुल छह विधेयक गए थे। इनमें से चार 14 नवंबर को लौट आए थे। राज्य सरकार की गजट अधिसूचना के अनुसार राज्यपाल ने आरक्षण विधेयकों पर 18 नवंबर को हस्ताक्षर किया। उसकी प्रति मंगलवार को राज्य सरकार को मिली।

**आरक्षण व्यवस्था**

> 8 सरकारी सेवाओं और सरकारी शिक्षण संस्थानों के दाखिले में आरक्षण की नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था आग्रह:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 16 नवंबर को आयोजित उद्योग विभाग के समारोह में अपने संबोधन के दौरान राज्यपाल से आग्रह किया था कि वे आरक्षण विधेयक पर अपना हस्ताक्षर कर दें। उन्होंने कहा था, " राज्यपाल का हस्ताक्षर होगा, कल से नई आरक्षण व्यवस्था लागू हो जाएगी।"

## संपादकीय

# युद्धविराम ही रोक सकता है इस मानवीय त्रासदी को

**दक्षिण** अफ्रीकी सांसदों ने आर्थिक स्वतंत्रता सेनानियों के विपक्षी दल द्वारा पेश किए गये एक प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की और सत्तारूढ़ अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा दक्षिण अफ्रीका में इज?ायली दूतावास को बंद करने और देश के साथ सभी राजनयिक संबंधों को तब तक खत्म करने की मांग की, जब तक कि वह गाजा में युद्धविराम पर सहमत न हो जाये। इजरायल-हमास युद्ध सोमवार को 45वें दिन में प्रवेश कर गया। लड़ाई अब एकतरफा हो गयी है। इजरायली रक्षा बल हमास आतंकवादियों द्वारा 7 अक्तूबर को इजरायलियों पर 'आतंकी' हमले के जवाब में आतंकियों को खत्म करने के नाम पर नागरिक क्षेत्रों और अस्पतालों सहित गाजा पट्टी पर बमबारी कर रहे हैं। 18 नवंबर तक, फिलिस्तीनियों की मौत का आंकड़ा 13,000 से अधिक था और30,000से अधिक घायल हुए थे। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के स्पष्ट समर्थन से समर्थित इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुले तौर पर घोषणा की है कि हमासबलों के पूर्ण उन्मूलन तक इजरायली हमलों पर कोई रोक नहीं लगेगी। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के अनुसार, इस प्रक्रिया में, नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की हत्याएं हुई हैं, जो मरने वालों की संख्या का 70प्रतिशत है। गाजा पट्टी के 28 अस्पतालों में से 18 को दवाओं की अभूतपूर्व कमी और बिजली और पानी की कटौती के कारण बंद कर दिया गया है, जबकि दस अस्पताल ऑक्सीजनसिलेंडर सहित न्यूनतम आवश्यकता के बिना ही छोटे पैमाने पर काम कर रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक शुक्रवार को टीवी पर उस समय लगभग रो पड़े जब उन्होंने कहा कि जब तक युद्धविराम लागू नहीं होता और सामान्य चिकित्सा आपूर्ति गाजा के कब्जे वाले निवासियों तक नहीं पहुंचती, हजारों लोग इलाज के बिना मर जायेंगे। , के कारण अत्याधुनिक रॉकेट सहित हमास के बहुत हथियार नष्ट हो गये, लेकिन मारे गये हमास सैनिकों की संख्या में बहुत अधिक वृद्धि नहीं हुई। एक सैन्य अनुमान में छह सौ से कम हमास सैनिकों के मारे जाने की बात कही गयी है। प्रधान मंत्री नेतन्याहू के लिए, 7 अक्टूबर के हमले ने उन्हें फिलिस्तीन को इज?इल के जागीरदार राज्य में बदलने का अवसर दिया। सुदूर दक्षिणपंथी नेता ने एक संगीत हॉल में एक कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों सहित नागरिकों की भयानक हत्या के बाद अपने लोगों की भावनाओं का पूरा फायदा उठाया और हमास आतंकवादियों के पूर्ण पैमाने पर विनाश कार्यक्रम को लागू करने का विकल्प चुना। सुरक्षा परिषद को छोड़कर संयुक्त राष्ट्र निकायों ने युद्धविराम के लिए प्रस्ताव पारित किये हैं। डब्ल्यूएचओ और अन्य निकाय केवल नागरिकों के संहार को समाप्त करने के लिए रो रहे हैं, लेकिन किसे परवाह है। संयुक्त राष्ट्र हमेशा की तरह दंतहीन है। चूंकि अमेरिका समर्थन कर रहा है इसलिए इजराइल संयुक्त राष्ट्र के उपदेशों की बहुत कम परवाह कर रहा है। जहां तक चीन और रूस का संबंध है, दोनों के अपने-अपने भू-राजनीतिक खेल हैं जहां फिलिस्तीनी त्रासदी को संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ उनके संबंधित द्विपक्षीय संबंधों की तुलना में पिछवाड़े जैसा व्यवहार मिलता है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 15 नवंबर को सैनफ्रांसिस्को में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ चार घंटे की बैठक की। चीनी नेता इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे कि यह ग्रह दो महाशक्तियों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त बड़ा है।

# विधानसभा चुनाव के नतीजे तय करेंगे भविष्य की राजनीति



**राजेश माहेश्वरी**

> "कांग्रेस को उम्मीद है कि मध्य प्रदेश की सत्ता भाजपा से छीन लेने के साथ ही वह राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सरकार बचाए रखने में कामयाब हो जायेगी। दूसरी तरफ भाजपा मध्य प्रदेश में स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में वापसी का भरोसा पालने के साथ ही राजस्थान में कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने तथा छत्तीसगढ़ में 2018 से बेहतर प्रदर्शन करने के प्रति आश्वस्त है। दोनों का आशावाद उनके अपने आकलन पर आधारित है लेकिन जो बात जनता के बीच से निकलकर आ रही है उस पर यकीन करें तो इस विधानसभा चुनाव के परिणामों का आगामी लोकसभा चुनाव पर असर पड़ने की संभावना बहुत ज्यादा नहीं है। हालांकि जो लोक लुभावन घोषणाएं विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों की तरफ से की गई उनसे मतदाता प्रभावित हो सकते हैं"

**पांच** राज्यों में विधानसभा चुनाव जारी हैं। पूर्वोत्तर के राज्य मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश में मतदान हो चुका है। राजस्थान में 25 नवंबर और दक्षिण भारत के राज्य तेलगांना में 30 नवबंर को वोटिंग हैं। अगले साल देश में आम चुनाव होने हैं। ऐसे में इन पांच राज्यों के नतीजे देश की राजनीति पर असर डालेंगे। खासकार हिन्दी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के नतीजे का असर भविष्य की राजनीति पर ज्यादा देखने को मिलेगा। इन तीन राज्यों से लोकसभा के 65 सांसद चुनकर संसद में पहुंचते हैं। तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि गुजरात और उत्तर प्रदेश के बाद लोकसभा में अगर भाजपा को सबसे ज्यादा सीटें मिलीं थीं तो वो इसी इलाके से मिलीं थीं। तीन दिसंबर को पांचों राज्यों के परिणाम एक साथ घोषित होंगे। ऐसे में हिंदी पट्टी के विधानसभा के चुनावों के नतीजों पर पूरे देश की नजर रहेगी क्योंकि इनके परिणाम आते ही आने वाले लोकसभा के चुनावों में क्या कुछ होगा इसके कुछ तो संकेत मिलने लगेंगे। तो क्या ये मान लिया जाए कि इन राज्यों के परिणामों से समझा जा सकेगा कि आम चुनावों में ऊंट किस करवट बैठ सकता है? लेकिन यह तय है कि विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष बदले हालातों के हिसाब से लोकसभा के लिए रणनीति बनाएगा। इतिहास के पन्ने पलटे तो साल 2003 में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक विजय हासिल हुई थी। इससे अति आत्मविश्वास में भरकर अटल बिहारी वाजपेयी की केंद्र सरकार ने लोकसभा भंग कर जल्दी चुनाव करवा दिए किंतु निराशा हाथ लगी और दस साल तक भाजपा को केंद्र की सत्ता से बेदखल हो गई। लेकिन इसका उल्टा देखने को मिला साल 2018 में जब मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस ने सरकार बनाई किंतु कुछ महीनों बाद हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को इन राज्यों में जबरदस्त सफलता मिली। इन दो उदाहरणों से ये साबित हुआ कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मतदाता एक ही पार्टी या गठबंधन को समर्थन दें ये जरूरी नहीं है। अनेक राज्यों के मतदाताओं ने राज्य और केंद्र की सरकार लिए अलग-अलग दलों को वोट देकर ये संदेश दिया कि उन्हें अपने वोट का समुचित उपयोग करने की भरपूर समझ है। ये देखते हुए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के मौजूदा विधानसभा चुनावों को 2024 के लोकसभा चुनाव की रिहर्सल मान लेने पर भिन्न दृष्टिकोण हो सकते हैं। इन तीनों में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही है। यद्यपि समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, जनता दल यूनाइटेड और आम आदमी पार्टी भी मैदान में कुछ सीटों पर लड़ रही हैं लेकिन उनकी अहमियत तभी रहेगी जब उनके कुछ विधायक जीतें और त्रिशंकु विधानसभा बने। 2018 में म.प्र में ऐसा हुआ भी। लेकिन जो संकेत आए हैं उनके अनुसार तीनों राज्यों में जो भी सरकार बने उसके पास स्पष्ट बहुमत होगा। वहीं ये चुनाव नतीजे भाजपा और कांग्रेस की राजनीति की दशा और दिशा तो तय करेंगे ही वहीं कई अन्य दलों का भविष्य भी ये चुनाव तय करने वाले हैं। राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पाने के बाद आम आदमी पार्टी ने मध्य प्रदेश में अपना जनाधार बढ़ाने की कोशिश की है। आप ने 66 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। वहीं, इस बार बहुजन समाज पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बीच गठबंधन से दोनों दलों को लाभ-हानि इनकी आगे की दिशा तय करेगी। पहली बार भीम आर्मी यानी आजाद समाज पार्टी, कांशीराम ने भी 86 सीटों पर प्रत्याशी उतारे। आजाद समाज पार्टी की पैठ भी अनुसूचित जाति वोटरों के बीच है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों में बसपा को पांच प्रतिशत से अधिक मत मिलते रहे हैं। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को दो सीटों पर जीत मिली थी। बसपा और जीजीपी के गठबंधन के बाद दोनों में किसे-कहां लाभ होता है, इसी आधार पर दोनों की आगे की दिशा तय होगी। कांग्रेस को उम्मीद है कि मध्य प्रदेश की सत्ता भाजपा से छीन लेने के साथ ही वह राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सरकार बचाए रखने में कामयाब हो जायेगी। दूसरी तरफ भाजपा मध्य प्रदेश में स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में वापसी का भरोसा पालने के साथ ही राजस्थान में कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने तथा छत्तीसगढ़ में 2018 से बेहतर प्रदर्शन करने के प्रति आश्वस्त है। दोनों का आशावाद उनके अपने आकलन पर आधारित है लेकिन जो बात जनता के बीच से निकलकर आ रही है उस पर यकीन करें तो इस विधानसभा चुनाव के परिणामों का आगामी लोकसभा चुनाव पर असर पड़ने की संभावना बहुत ज्यादा नहीं हैं। हालांकि जो लोक लुभावन घोषणाएं विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों की तरफ से की गईं उनसे मतदाता प्रभावित हो सकते हैं। अगर हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में कांग्रेस का बेहतर प्रदर्शन रहता है या वो जीत हासिल करती है तो जो विभिन्न विपक्षी दलों का नया गठबंधन, जो राष्ट्रीय स्तर पर बना है, उसमें कांग्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी और इससे भारतीय जनता पार्टी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। लेकिन अगर कांग्रेस इन तीन राज्यों में कामयाब नहीं होती है तो आम चुनावों में भाजपा को एक तरह से ह्यवाक ओवरह्ण मिल जाएगा यानी दिल्ली की सत्ता में फिर वापसी का उनका रास्ता आसान हो जाएगा। लेकिन कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा तो तब इंडिया गठबंधन में शामिल छोटी–छोटी पार्टियां भी उसे आंखें दिखाने से बाज नहीं आएंगी। इस आधार पर कह सकते हैं कि संदर्भित तीनों राज्यों के चुनाव परिणाम भाजपा विरोधी गठबंधन का भविष्य निश्चित करेंगे।



इन चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता भी कसौटी पर है। अगर तीन राज्यों में भाजपा का खराब प्रदर्शन होता है तो फिर उसके पास सिर्फ.उत्तर प्रदेश, असम, गुजरात और उत्तराखंड जैसे राज्य ही रह जायेंगे. इन तीन राज्यों में सिर्फ.दो ही राजनीतिक दलों का दबदबा रहा है इसलिए लोकसभा चुनावों में विपक्ष की एकता पर यहां के नतीजों का असर जरूर पड़ेगा। हालांकि कांग्रेस बाकी विपक्षी दलों के साथ गठबंधन करती तब उसे 2024 का पूर्वाभ्यास कहा जा सकता था। लेकिन उक्त तीनों राज्यों में गैर भाजपा पार्टियां एकजुट नहीं हो सकीं जिसके लिए सपा, आम आदमी पार्टी और जनता दल यूनाईटेड ने कांग्रेस की आलोचना भी की। बसपा तो वैसे भी विपक्ष के गठबंधन से अलग ही है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि जिन गैर भाजपा पार्टियों के साथ कांग्रेस ने सीटों का बंटवारा करने से इंकार कर दिया वे ही यदि अपना संयुक्त उम्मीदवार उतारतीं तब तीसरी ताकत के तौर पर दबाव बनाने में भी सक्षम हो जातीं।ऐसे में 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा विरोधी विपक्षी पार्टियों की मोचेबंदी पर आशंका के बादल मंडराने लगे हैं। लेकिन बात यहीं खत्म नहीं हो जाती। भाजपा ने प्रधानमंत्री के नाम पर उक्त तीनों राज्यों में चुनाव लड़कर बड़ा जोखिम उठाया है । यदि परिणाम प्रतिकूल आए तब कांग्रेस को ये कहने का अवसर मिल जायेगा कि मोदी की गारंटी पर मतदाताओं का भरोसा नहीं रहा। हिमाचल और कर्नाटक के बाद यदि उक्त तीन में से भाजपा दो राज्यों में नहीं जीती तब वह दबाव में आ जायेगी। भाजपा के रणनीतिकार मान रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर विधानसभा चुनाव लड़कर वह लोकसभा के मुकाबले के

## कविता

### करम पुरनूर होने लगे हैं

रिश्ते अपने रिश्तों से दूर होने लगे है,
क्यों लोग इस कदर मजबूर होने लगे हैं '

दुश्मनो से दोस्त कर रहें है गुजारिश,
भोले चेहरे कितने मगरूर होने लगे है।

जमाने की कैसी हो गई फितरत,
भाई चारे कितने बेनूर होने लगे है।

आजमाँ कर देख,बेदर्द जमाने को,
चेहरे पर कई चेहरे,जरूर होने लगे है।

नाते,रिश्ते सब अजब मायाजाल,
सिक्के ही चेहरों के नूर होने लगे है।

तमन्नाये न रख सुनहरे पंखों की अब,
सारे सपने अब चूर चूर होने लगें है।

फकीरी,शायरी हमारी हमसफर,
खुदा के करम,पुरनूर होने लगें हैं।

संजीव
---------

## राजस्थान में लड़खड़ाता तीसरा मोर्चो

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान विधानसभा चुनाव का प्रचार चरम पर पहुंच गया है। सभी राजनीतिक दलों के बड़े नेता व स्टार प्रचारक लगातार चुनावी रैलियां को संबोधित कर रहे हैं। भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री व बड़े नेता लगातार चुनावी रैलियां को संबोधित कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव प्रचार की कमान संभाल रखी है। भाजपा जहां सभी 200 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वहीं कांग्रेस 199 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस ने भरतपुर सीट राष्ट्रीय लोक दल को गठबंधन में दी है। जहां कांग्रेस व भाजपा पूरे जोश खरोश के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं तीसरी ताकत बनकर चुनाव परिणाम को बदलने का दावा करने वाले तीसरे मोर्चे के दलों की स्थिति कमजोर लग रही है। विधानसभा चुनाव से पहले तीसरे मोर्चे के नेता बड़े-बड़े दावे कर सत्ता की चाबी अपने हाथ में होने की बात कह रहे थे। मगर मौजूदा चुनावी परिदृश्य को देखकर तो लगता है कि तीसरे मोर्चे के दल अपनी उपस्थिति दर्ज करवा पाने में ही नाकाम लग रहे हैं। तीसरे मोर्चे में शामिल बसपा, आप, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, एमआईएमआईएम, वामपंथी दल, हरियाणा की जननायक जनता पार्टी, भारतीय ट्राइबल पार्टी व भारत आदिवासी पार्टी ने चुनाव से पूर्व अधिकांश सीटों पर चुनाव लड़ने के बड़े-बड़े दावे किए थे। मगर चुनावी मैदान में इनमें से कोई भी पार्टी सभी सीटों पर प्रत्याशी नहीं उतर पाई है। पिछले चार चुनावों से प्रदेश में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही बहुजन समाज पार्टी ने भी 175 प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है। इस पार्टी के कई प्रत्याशियों ने तो कांग्रेस व भाजपा के प्रत्याशियों के पक्ष में अपने नाम वापस ले लिए या फिर उनको अपना समर्थन दे दिया है। वही तिजारा से पार्टी ने इमरान खान को प्रत्याशी बनाया था। जिसने अंतिम समय में कांग्रेस से टिकट लेकर चुनाव मैदान में उतर गए। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा पार्टी की जीत के बड़े-बड़े दावे तो कर रहे हैं मगर कैसे जीतेगें इस बात का उनके पास कोई जवाब नहीं है। बसपा सुप्रीमो मायावती भी चुनावी प्रचार में उतर चुकी है। उन्होंने पूर्वी राजस्थान के अलवर, भरतपुर,झुंझुनू जिलों की कई विधानसभा सीटों पर अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं भी की है। बसपा के सामने सबसे बड़ा संकट पार्टी कि साख को लेकर है। बसपा से 2008 व 2018 में 6-6 विधायक चुने गए थे। मगर दोनों ही बार सभी विधायकों ने कांग्रेस में शामिल होकर पार्टी को धत्ता बता दिया था। इसलिए लोगों का मानना है कि यदि बसपा के प्रत्याशियों को जीता भी दिया तो वह पार्टी में रहेंगे इस बात की क्या गारंटी है।

## विचार

### छोटे दलों की और बागियों की क्या रहेगी भूमिका ?

**अशोक भाटिया**

**राजस्थान** में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है। ऐसे में दोनों ही पार्टियां जीत के लिए पूरी ताकत झोंक रही हैं। भाजपा जहां सत्ता में वापसी के लिए पुरजोर कोशिश कर रही है, वहीं कांग्रेस दोबारा सत्ता पाने की हर मुमकिन कोशिश कर रही है। कुछ सीटों पर जहां कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी टक्कर है, तो वहीं कुछ सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय होने के आसार नजर आ रहे हैं। भारतीय राजनीति में क्षेत्रीयता और जातीय अस्मिता के नाम पर तमाम छोटी-छोटी पार्टियां उपजी हैं। नब्बे के दशक में ये छोटी पार्टियां सरकार गिराने और बनाने में बड़ी भूमिका निभाती रही हैं तो पिछले विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश और राजस्थान में किसी भी एक दल को बहुमत नहीं मिला था, जिसके बाद कांग्रेस ने सपा और बसपा के समर्थन से सरकार बनाई थी। इस बार जिस तरह से कांग्रेस और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर दिख रही है, उसके चलते चुनावी मैदान में उतरी छोटी और क्षेत्रीय पार्टियां किंगमेकर बनने का सपना संजोय हुए हैं। ऐसे में देखना है कि राजस्थान में कौन सी क्षेत्रीय पार्टी कितनी सीटों पर किस्मत आजमा रही है और किसकी चिंता बढ़ा रही है।

दरअसल देखा जाय तो राजस्थान की सियासत कांग्रेस और भाजपा के बीच सिमटी हुई है। इन्हीं दोनों दलों के बीच सत्ता परिवर्तन होता रहा और इस बार का विधानसभा चुनाव भी इनके बीच है, लेकिन जिस तरह से कांटे का मुकाबला माना जा रहा है, उसमें क्षेत्रीय दलों की भूमिका अहम रहने वाली है। राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा सभी 200 सीटों पर चुनावी मैदान में उतरी है। कांग्रेस और भाजपा से जिन उम्मीदवारों को टिकट नहीं मिल सका है, उनमें से कई नेता क्षेत्रीय और छोटी पार्टियों से टिकट लेकर ताल ठोक रहे हैं। राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा के बाद सभी 200 सीटों पर बसपा ने अपने कैंडिडेट उतारे हैं। आम आदमी पार्टी राजस्थान की 88 सीटों पर चुनाव लड़ रही है जबकि सांसद हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी ने 83 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। बीटीपी 12 और बीएपी 21, सीपीएम 17 और आरएलडी एक सीट पर चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा अजय चौटाला की जेजेपी भी चुनावी किस्मत आजमा रही है। प्रदेश में बसपा का दलित और आरएलपी का जाट समुदाय के बीच अपना सियासी आधार है, जिसके चलते उन्हें इग्नोर करना मुश्किल है। 2018 में आरएलपी 3 सीटों के साथ ढाई फीसदी वोट हासिल करने में कामयाब रही तो बसपा ने 6 सीटों के साथ 4 फीसदी वोट हासिल किया था। सीपीआई एक सीट और बीटीपी 2 सीटें जीतने में रही थी। बसपा का सियासी भरतपुर, धौलपुर, करौली, दौसा और अलवर जैसे जैसे क्षेत्र में तो नागौर और शेखावटी के इलाके में हनुमान बेनीवाल का गढ़ माना जाता है। सीपीआई का सियासी प्रभाव शेखावटी के नहरी क्षेत्र में है तो बीटीपी और बीएपी आदिवासी बेल्ट में प्रभाव रखते हैं। यही वजह है कि बसपा 20, आरएलपी 15, आम आदमी पार्टी 3 और बीटीपी और बीएपी ने 5-5 सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला बना दिया है। इस तरह से करीब दो दर्जन सीटों पर तीन दलों के बीच लड़ाई मानी जा रही है। गौरतलब है कि 2018 के विधानसभा चुनाव में बसपा, आरएलपी, बीटीपी, पीसीएम और आरएलडी के प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे। तो राजस्थान की 14 सीटों पर जीत दर्ज कराई थी। ऐसे में इस बार भी छोटी पार्टियों भाजपा, कांग्रेस को बड़ी चुनौती दे रही है। ऐसे में यह भी देखने वाली बात है कि जनता इस बार भाजपा कांग्रेस अलावा किस पार्टी को ज्यादा पसंद करती है। राजस्थान में चल रहे चुनाव में छोटी पार्टियां त्रिकोणीय मुकाबला बना रही हैं और कुछ सीटों पर सीधे टक्कर दे रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी का पूर्वी राजस्थान में दबदबा है, तो आरएलपी का पश्चिमी राजस्थान और शेखावाटी में दबदबा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)**
**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### कब्र पहले खोदो, लाशें बाद में लाओ

**डॉ. सुरेश कुमार**

**ओह**, प्लास्टिक, वह अद्भुत सामग्री जिसने हमारे जीने के तरीके में क्रांति ला दी है और ग्रह को इस तरह से प्रदूषित कर दिया है जिसकी हमने कभी कल्पना भी नहीं की थी। हम इस चमत्कारी पदार्थ के बिना कैसे जीवित रह सकते हैं जो सदियों तक बना रहता है और हमारे महासागरों और लैंडफिल को गंदा कर देता है? ओह प्लास्टिक, तुम्हें वरदान कहें या अभिशाप। समझ नहीं आता। तुम एक दम सरकार की तरह हो जो एक हाथ से स्कीमों के नाम पर रबड़ी देकर दूसरे हाथ से भारी टैक्स के नाम पर वसूल लेते हो। तुम्हें देते हुए देखना लेते हुए देखने से न कम है न ज्यादा। हमारे पर्यावरण में घुसपैठ करना कोई तुमसे सीखे। कभी चाय का कप बनकर तो कभी जूस का ग्लास बनकर। कभी सब्जी की थैली बनकर कभी खिलौने बनकर हमारे जीवन में ऐसे आ गए हो जैसे प्राकृतिन संसाधन वाले परिजनों के रहते प्रेमिका की तरह हम पर डोरे डालने वाली मोहिनी। वैसे जब हम प्लास्टिक का उत्पादन कर सकते हैं और पहले से ही मौजूद कचरे के पहाड़ों में इजाफा कर सकते हैं तब बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों की आवश्यकता किसे है? यहाँ हम कब्र पहले खोद रहे हैं और लाशें बाद में ला रहे हैं। प्लास्टिक, सुविधा का प्रतीक है, जो हमें अपने भोजन और उत्पादों को इस तरह से पैक और संरक्षित करने की इजाजत देता है जो पूरी तरह से अस्थिर और ग्रह के लिए हानिकारक है। जब हम प्लास्टिक के समुद्र में डूबते रह सकते हैं तो पर्यावरण अनुकूल विकल्पों की चिंता क्यों करें? प्लास्टिक, आधुनिक समाज का रक्षक, हमें अनावश्यक एकल-उपयोग वाली वस्तुओं को बनाने के अनंत अवसर प्रदान करता है जो अंततः हमारे जलमार्गों को अवरुद्ध कर देंगे और वन्यजीवों को मार देंगे। जब हम अधिक से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन करते रहेंगे तो इसके परिणामों के बारे में सोचने की जरूरत किसे है? प्लास्टिक, प्रगति और नवाचार का प्रतीक है, जो हमें दिखाता है कि ग्रह को नष्ट करने के नए तरीके खोजने में मनुष्य कितने रचनात्मक हो सकते हैं। जब हम अपनी सभी समस्याओं के समाधान के लिए प्लास्टिक पर निर्भर रह सकते हैं तो स्थायी समाधान खोजने की चिंता क्यों करें? हाँ, प्लास्टिक वास्तव में हमारी सभी प्रार्थनाओं का उत्तर है।

### समय के यथार्थ संयोजन से जीवन को समर्थ बनाएं

**संजीव**

**समय** के समग्र मूल्य को बेंजामिन फ्रैंकलीन ने पहचानते हुए कहा था बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता है। यह वाक्य अत्यंत यथार्थ भी है, खोया हुआ धन अर्जित कर सकते हैं पर खोए हुए वैभव और समय के महत्वपूर्ण क्षण को पुनः प्राप्त नहीं किया जा सकता।समय को एक बार खो देने के बाद वापस प्राप्त करना बहुत मुश्किल ही नहीं असंभव है।इसीलिए यह कहावत कही गई है "काल करे सो आज कर, आज करे सो अब, पल में परलय होएगी बहुरि करेगा कब"प्रसिद्ध लेखक मेसन ने समय को महिमामंडित करते हुए कहा है सोने के कण की तरह समय का हर क्षण मूल्यवान है। प्लेटफार्म पर खड़ी रेलगाड़ी भी अपने यात्रियों का इंतजार नहीं करती और देर से पहुंचने वाले यात्री हाथ मलते रह जाते हैं,उनके पास अफसोस करने के अलावा कुछ नहीं रह जाता।समय और समुद्र की लहरें किसी की प्रतीक्षा नहीं करती, समय के महत्व को दशार्ते प्रकृति के कई उदाहरण भी हैं, बरसात के समय वर्षा देर से आने से कृषि सूख जाती है. इसलिए कहा गया है "का वर्षा जब कृषि सुखावे," इसीलिए इतिहास में महान लोगों ने समय के साथ निज के अनुशासन और श्रम के महत्व को अपने जीवन में अपनाकर अपने आप को बड़ा बनाकर इतिहास में अपना नाम स्थापित किया है' समाज में जितने भी प्रसिद्ध, नामचीन और महान बने हैं, या उदाहरण देने लायक बने हैं, उन सब ने समय को समय देकर अपने आप को समाज में अग्रणी स्थान पर स्थापित किया है,और हजारों,लाखों लोग उनका सम्मान कर उनका अनुसरण भी करने लगते हैं। समय का महत्व और निज पर शासन फिर अनुशासन एक दूसरे से जुड़े तथा पर्यायवाची ही है। जिसमें भी समय के महत्व को समझते हुए उसका अनुशासन के साथ उपयोग किया है,वे अपनी जिंदगी में आर्थिक सामाजिक एवं वैश्विक रूप से अपने आप को सफल बना चुके हैं। विद्वानों में यह भी कहा है कि जो कार्य जिंदगी में आप को सबसे कठिन एवं क्लिष्ट लगने लगता है, उसे समय और अनुशासन के साथ सबसे पहले किया जाना चाहिए, और तब तक करना चाहिए जब तक वह कार्य अपनी परिणति तक ना पहुंचे, और ऐसी प्रक्रिया से आप सफलता की सीढ़ी चढ़कर एक सफलतम व्यक्तित्व बन सकते हैं।

# मुख्यमंत्री ने सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त करने के लिए तय की डेटलाइन, फिर होगी सख्त कार्रवाई

## –मुख्यमंत्री ने सचिव लोक निर्माण विभाग एवं अन्य सर्कल ऑफिसरों को सड़कों का स्थलीय निरीक्षण के दिए निर्देश

**चेतावनी**

**8 –सड़कों पर डिवाईडर, रिफ्लेक्टर, साइनेज लाइटिंग की अच्छी व्यवस्थाएं बनाएं**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने 30 नवंबर तक प्रदेश की सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त न बनाने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। मुख्यमंत्री ने सचिव लोक निर्माण विभाग एवं अन्य सर्कल ऑफिसरों को सड़कों का स्थलीय निरीक्षण करने करने को कहा। साथ ही सड़कों पर डिवाइडर, रिफ्लेक्टर, साइनेज लाइटिंग की अच्छी व्यवस्थाएं रखने के भी निर्देश दिए।
सचिवालय में मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लोक निर्माण विभाग की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने 30 नवम्बर तक सड़कों को पूरी तरह गड्ढा मुक्त बनाने को कहा। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्धारित समयावधि में सड़को के गड्ढ़ा मुक्त न होने की स्थिति में और कार्यों के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों पर मौके पर ही निलंबन की कार्रवाई की जाए। वे कभी भी सड़कों के निर्माण कार्यों और पैच वर्क से संबंधित कार्यों का औचक निरीक्षण कर सकते हैं।
मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्मार्ट सिटी के कार्यों और आंतरिक सड़क मार्गों के कार्यों में भी युद्धस्तर पर कार्य किये जाएं।
शहर में सड़कों के निर्माण कार्य रात्रि के समय तेजी से किये जाएं। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।
मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये जो भी सड़के बनाई जा रही हैं, उनमें गुणवत्तापूर्वक कार्य हो, इसकी निगरानी के लिए सचिव लोक निर्माण विभाग को नोडल अधिकारी बनाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि जहां पर भी निर्माण कार्य प्रगति पर है वहां पर बैरिकेडिंग सही तरह से लगे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि लोगों को आवागमन के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। सड़कों पर डिवाईडर, रिफ्लेक्टर, साइनेज लाईटिंग की अच्छी व्यवस्थाएं रखने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये।मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और आपदा प्रबंधन पर 6वीं अन्तरराष्ट्रीय कांग्रेस दो बड़े आयोजन होने इसके द्दष्टिगत भी सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों में पानी का बहाव अधिक होता है, ऐसे क्षेत्रों में व्हॉइट टापिंग तकनीक का प्रयोग किया जाए। सड़कों से संबंधित जो भी योजनाएं बनाई जा रही हैं, वे आगामी 50 साल की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाई जाए।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह भी सुनिश्चित किया जाए की सड़कों पर बिजली के तार न झूल रहे हों। सड़कों के चौड़ीकरण के दौरान बिजली के पोल को भी सड़कों से बाहर शिफ्ट किया जाए। सड़कों पर किसी को भी अतिक्रमण न करने दिया जाए।

# भाजपा को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए : मथुरा दत्त जोशी

**बयान**

**8 मथुरादत्त जोशी ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट की याददाश्त बहुत कमजोर है**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन मथुरादत्त जोशी ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट के ओबीसी विरोधी सम्बन्धी बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा अपने गिरेबान में नहीं झांकना चाहती है, तभी उसके प्रदेश अध्यक्ष इस प्रकार की अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चाहे संसद में महिला आरक्षण का मामला हो चाहे जातीय जनगणना का मामला हो भाजपा ने दोनों ही मौकों पर अपनी पार्टी के ओबीसी विरोधी होने का सबूत पेश किया है।
मथुरादत्त जोशी ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट की याददाश्त बहुत कमजोर है इसीलिए वे इस प्रकार की मिथ्या बयानबाजी पर उतर आये हैं। उन्होंने कहा कि कुछ माह पूर्व ही जब संसद में महिला आरक्षण का बिल पास हो रहा था, कांग्रेस पार्टी ने तब भी ओबीसी के लिए आरक्षण में आरक्षण का प्रावधान करने की मांग की थी परन्तु भाजपा ने तब भी अपने ओबीसी विरोधी होने का परिचय दिया था।
यही नहीं कांग्रेस पार्टी लगातार पूरे देश में जातीय जनगणना की मांग करती आ रही है परन्तु भाजपा अपनी ओबीसी और दलित विरोधी नीति के चलते ऐसा नहीं होने दे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शासन में ही उत्तराखंड राज्य के विभिन्न क्षेत्रों को ओबीसी घोषित कर सरकारी योजनाओं का लाभ देने का काम किया गया इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को बताना चाहिए कि उनकी सरकारों में ओबीसी वर्ग के लिए क्या काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि भारतीय जनता पार्टी केवल जाति और धर्म के नाम पर लड़ाने का काम कर सकती है।

# सुबह-सुबह घर के पास गिरी बोलेरो

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
मंगलवार सुबह-सुबह नगर के पास नैनी बेंड पर एक बोलेरो एक घर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। सुबह-सुबह घर के पास गाड़ी गिरने से स्थानीय लोग दहशत में आ गए।
दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो में 5 लोग सवार थे। गनीमत रही कि हादसे के दौरान किसी को अधिक चोट नहीं आई। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को सुरक्षित गाड़ी से बाहर निकला।
सुबह-सुबह हल्द्वानी से अल्मोड़ा जा रहा एक बोलेरो वाहन संख्या यूके04टीए-6700 भीमताल से भवाली की ओर आते हुए नगर से करीब 2 किलोमीटर पहले नैनी बैंड के पास सड़क से नीचे घरों के पास गिर गई। सुबह का समय होने से घर के बाहर कोई नही था, इस वजह से घरों का कोई सदस्य भी इसकी चपेट में नहीं आया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। दुर्घटना में वाहन में सवार 5 सवारों में से भी किसी को अधिक चोट नहीं आयी।



## निरीक्षक ऋषिकेश ने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों की कराई परेड

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
कोतवाली ऋषिकेश में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ऋषिकेश ने कोतवाली क्षेत्र के समस्त हिस्ट्रीशीटरों की परेड कराने के साथ वर्तमान में किए जा रहे कार्यों की जानकारी करते हुए भौतिक सत्यापन किया गया। कोतवाली प्रभारी ऋषिकेश का प्रभाव संभालने के बाद शंकर सिंह ने बताया कि किसी भी प्रकार की गैर कानूनी गतिविधियों में संलिप्त नहीं रहेंगे,
यदि किसी भी प्रकार के गैर कानूनी कार्य में संलिप्तता पाई जाती है, तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी ।

# देवभूमि में निवेश की असीम संभावनाएं : रेखा आर्य

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। सरकार ने उद्योगपतियों के लिए राज्य में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बनाया है। हमारी कोशिश है कि हम इस इन्वेस्टर्स समिट जो कि अगले माह आयोजित होने जा रहा है के जरिये राज्य में उद्योग विकसित करें ताकि इसका लाभ यहां के निवासियों को मिलने के साथ ही राज्य की आर्थिकी भी मजबूत हो।यह बातें मंगलवार को कोटद्वार में जिला स्तरीय मिनी कॉन्क्लेव में उत्तराखंड सरकार की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहीं। उन्होंने जिला स्तरीय मिनी कॉन्क्लेव में पौड़ी जनपद के विभिन्न उद्योगपति मौजूद थे। कई उद्योगपतियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। निवेशकों ने बताया कि किस प्रकार से उन्होंने पौड़ी जनपद में अपने उद्योग स्थापित किये और उनके द्वारा स्थापित किये उद्योगों से किस तरह यहां के स्थानीय लोगो को रोजगार प्राप्त हो रहा है। राज्य सरकार द्वारा उन्हें अपने उद्योग लगाने में काफी मदद मिली है।
रेखा आर्या ने कहा कि पौड़ी जनपद के उधमियों द्वारा यहां पर अपने उद्यम स्थापित किये गए है और जिनके जरिये यहां के लोगो को रोजगार भी प्राप्त हो रहा है। राज्य सरकार निवेशकों के लिए कई तरह की योजनाएं चला रही है । इन योजनाओ का लाभ निवेशक ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का यह प्रयास है कि राज्य में अधिसंख्यक निवेशक आये और वह यहां पर निवेश करें।कहा कि आज हमारा राज्य निवेशकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। यह भी खुशी का विषय है कि पौड़ी जनपद में लगभग 1430 करोड़ के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। हमारे राज्य में धार्मिक पर्यटन,साहसिक पर्यटन,ऑटोमोबाइल ,स्वास्थ्य, शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं जिनके लिए हम तत्पर है और नीतियां भी बनाई गई हैं।
रेखा आर्य ने कहा कि राज्य में रोड कनेक्टिविटी, संचार सुविधा, एयर कनेक्टिविटी, पेयजल सुविधा, विधुतीकरण की सुविधाएं मौजूद हैं।एक निवेशक के लिए इन सारी सुविधाओ का होना बेहद अनुकूल हैं।मंत्री रेखा आर्या ने सभी निवेशकों से आग्रह करते हुए कहा कि आप सभी राज्य में निवेश करें और आप सभी की हर संभव मदद करने के लिए राज्य सरकार तत्पर है।



## न्यूज फ्लैश

### उत्तराखंड के सिल्कियारा में चल रहे बचाव अभियान को सनसनीखेज न बनाएं: सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय

**नई दिल्ली/देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने मंगलवार को टेलीविजन चैनलों के लिए सलाह जारी करते हुए कहा कि वे उत्तराखंड के सिल्कियारा में चल रहे बचाव अभियान को सनसनीखेज बनाने से बचें। इसके साथ सुरंग स्थल के करीब जहां बचाव कार्य चल रहा है वहां से कोई लाइव पोस्ट एवं वीडियो न बनाएं, इससे बचाव कार्य में बाधा पड़ सकती है।
मंत्रालय द्वारा जारी परामर्श में कहा गया है कि दो किलोमीटर की सुरंग के हिस्से में फंसे श्रमिकों के साथ सरकार लगातार संपर्क बनाए हुए है और उनका मनोबल बनाए रखने के लिए सभी प्रयास कर रही है।
विभिन्न सरकारी एजेंसियां 41 श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं। सुरंग के आसपास चल रहा ऑपरेशन बेहद संवेदनशील स्थान है, जिसमें कई लोगों की जान बचाई जा रही है।
टीवी चैनलों द्वारा संचालन से संबंधित वीडियो फुटेज और अन्य चित्रों का प्रसारण, विशेष रूप से कैमरों और अन्य उपकरणों को नजदीक रखने पर वे बचाव कार्य बाधित कर सकते हैं।
मंत्रालय ने टीवी चैनलों को सलाह दी है कि वे इस मामले पर रिपोर्टिंग करते समय विशेष रूप से सुर्खियों, वीडियो और छवियों को डालते समय सतर्कता और संवेदनशीलता बरतें। इस ऑपरेशन की संवेदनशीलता, परिवार के सदस्यों की मनोवैज्ञानिक स्थिति और सामान्य रूप से दर्शकों की भावनाओं का भी ध्यान रखें।

### प्रीतम सिंह और धस्माना ने जाना बीमार हरीश रावत का हाल

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देहरादून के मैक्स अस्पताल में दो दिनों से भर्ती अस्वस्थ चल रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का हाल चाल जानने विधायक प्रीतम सिंह , प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना और हरिद्वार के कांग्रेस नेता संजय पालीवाल मंगलवार को अस्पताल पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश ने प्रीतम सिंह और धस्माना से सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों व बचाव कार्य के बारे में जानकारी ली। प्रीतम सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे अपने स्वास्थ्य के बारे में गंभीरता से पूरा परीक्षण करवाएं और चिकित्सकीय सलाह पर अपना इलाज करवाएं।

# रोपवे में फंसे लोगों को मॉक ड्रिल के माध्यम से सुरक्षित बाहर निकाला

**मॉकड्रिल**

**8 आईटीबीपी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस, स्वास्थ्य विभाग ने मॉकड्रिल किया।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मसूरी भट्टा रोपवे में आई दिक्कत के कारण उपजिलाधिकारी मसूरी के निर्देश पर पीड़ितों को निकाला गया। एक मॉक ड्रिल के माध्यम से अधिकारियों और जवानों ने रोपवे में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।
मसूरी में उत्तराखंड राज्य में संचालित रोपवे इमरजेंसी के लिए ज्वाइंट मॉक ड्रिल एक्सरसाइज का आयोजन उप जिलाधिकारी मसूरी नंदन कुमार के निर्देश के बाद मसूरी भट्टा रोपवे में आयोजित की गई। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार देश पर रोपवे प्रोजेक्ट के लिए द्वितीय अर्धवार्षिक संयुक्त रोपवे मॉक ड्रिल का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए गए थे जिसके क्रम में जनपद देहरादून में संचालित रोपवे से समन्वय स्थापित कर टेबल टॉप भट्टा गांव रोपवे पर मॉक ड्रिल एक्सरसाइज आयोजित की गई।



मंगलवार को शासन के निर्देश पर भट्टा गांव रोपवे में रेस्क्यू अभियान का ट्रायल किया गया। करीब सुबह दस बजे से शुरू हुआ ट्रायल 45 मिनट तक चला। इस दौरान रोपवे में फंसे लोगों को रस्सी के सहारे पहाड़ी पर उतारा गया। भट्टा गांव रोपवे की घटना ने लोगों में दहशत पैदा कर दिया है। ऐसे में पर्यटकों में भरोसा जताने और तैयारियों को परखने के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा आईटीबीपी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से मॉकड्रिल किया।
इस दौरान रोपवे में फंसे लोगों को रस्सी के सहारे पहाड़ी पर उतारा गया।
स्थानीय प्रशासन का दावा है कि रोपवे में किसी तरह की तकनीकी गड़बड़ी नहीं है। यदि अपरिहार्य स्थिति में नौबत आई तो प्रशासन के पास रेस्क्यू टीम की तैयारी पूरी है। करीब सुबह दस बजे से शुरू हुआ ट्रायल 45 मिनट तक चला। इस दौरान कुछ देर के लिए ट्रॉली पर सवार स्टाफ हवा में लटका रहा, फिर केबिन ऑपरेटर के साथ ही रेस्क्यू टीम की मदद से ट्राली से लोगों को पहाड़ी पर सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। अभियान में दमकल विभाग के कर्मचारी भी शामिल रहे।

## मिनिस्ट्रीयल कर्मियों की सेवा योजना कार्यालय पर नारेबाजी

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तरांचल फेडरेशन आफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन ने सेवायोजन कार्यालय के समक्ष गेट मीटींग कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। 30 नवंबर तक गेट मीटिंग का दौर निरंतर विभिन्न विभागों के समक्ष जारी रहेगा। कर्मियों का कहना है कि मांगों को लेकर मात्र आश्वासन के अलावा उन्हें कुछ भी नहीं मिल पा रहा है। उत्तरांचल फेडरेशन आफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज से जुड़े पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए 21 सूत्रीय मांगों पर कार्यवाही की मांग की।

# एसएसपी ने बैरियर में कमी पाये जाने पर प्रभारी को किया सस्पेंड


**तलब**

**8 सहारनपुर चौक बैरियर पर कमी पाए जाने पर रात में ही सीओ सिटी और एसएचओ को तलब किया।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
शहर के बैरियरों की चेकिंग पर निकले एसएसपी अजय सिंह ने हरार्वाला बैरियर पर कमी पाये जाने पर चौकी प्रभारी को सस्पेंड कर दिया। एसएसपी अजय सिंह शहर में लगाये गये बैरियरों की चैकिंग पर निकले। सहारनपुर चौक बैरियर पर कमी पाए जाने पर रात में ही सीओ सिटी और एसएचओ को मौके पर तलब किया। जोगीवाला बैरियर पर कमी पाए जाने पर सीओ डालनवाला को हिदायत दी कि आगे से ऐसी लापरवाही ना दिखायी दे। इसके साथ ही एसएसपी हरार्वाला बैरियर पर लापरवाही मिलने पर 4 बजे प्रातः हरार्वाला चौकी इंचार्ज कमलेश गौड़ को सस्पेंड कर सीओ डोईवाला को मौके पर तलब कर जरूरी दिशा निर्देश दिये। एसएसपी अजय सिंह ने कहा कि पुलिस को दूनवासियो की सुरक्षा में रात दिन एक करना होगा।



# कैप्टन कूल को भाए लाटी के कार्टून





**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड प्रवास पर आए भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को युवा कार्टूनिस्ट कंचन जदली का कार्टून किरदार लाटी खूब पसंद आया। इन कार्टून को देख वह खूब हंसे और कंचन को अपने दिल्ली आवास का पता दे बैठे। उन्होंने कहा, इस पते पर इन कार्टून को पार्सल करा दो। कैप्टन कूल धोनी चार दिन के लिए उत्तराखंड प्रवास पर आए थे। यहां छुट्टियां बिताने के बाद वह अपनी पत्नी साक्षी व बेटी जीवा के साथ वापस मुंबई लौट रहे थे। इसी दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर कंचन के कार्टून देखे तो उन्होंने अपने दोस्त को कंचन से बात करने को कहा। दोस्त ने भी कंचन को वीडियो कॉल कर दिया।कंचन ने बताया, धोनी ने करीब 12 मिनट तक उनसे व उनके परिवार से बात की। इस बीच उन्होंने उनके कार्टून किरदार लाटी के बारे में भी खूब बात की। ऑनलाइन ही कंचन ने उन्हें अपने बनाए कार्टून दिखा दिए। इसके बाद धोनी ने कंचन को अपना दिल्ली वाले आवास का पता बता दिया और कहा, इस पते पर इन कार्टून किरदार को पार्सल करा दो।
कंचन ने बताया, बातचीत के दौरान धोनी ने कहा कि जो तुम कार्टून में पंचलाइन लिखती हो उन्हें गांव में बहुत सुनी हैं। आज भी जब कभी उत्तराखंड के किसी भी रिश्तेदार या दोस्त से बात करता हूं तो अकसर ये पंचलाइन और बातें सुनने को मिलती हैं। कहा कि बदलते समय के साथ अब ऐसा नहीं होता। ऐसे में इन कार्टून ने एक बार फिर उन दिनों की याद दिला दी।
लाटी किरदार से चर्चा में आईं कंचन का कार्टून प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी पसंद आया था। उत्तराखंड के लोकपर्व पर बनाए कार्टून को पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा भी किया था। मूल रूप से कोटद्वार निवासी कंचन अपने कार्टून से लोगों को उत्तराखंड की संस्कृति से रूबरू करा रही हैं।

# टनल एक्सपर्ट अर्नोल्ड बोले, वर्टिकल ड्रिलिंग से निकलेगी सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों की राह

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के उत्तरकाशी की सिलक्यारा निमार्णाधीन टनल से 10वें दिन में भरोसा और पक्का हो गया। इस सुरंग में फंसी 41 जिंदगियों को बचाने की मुहिम को धार कैसे दी जाएगी, इसकी जानकारी अंतरराष्ट्रीय टनल एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स ने दी। अंतरराष्ट्रीय टनलिंग विशेषज्ञ, अर्नोल्ड डिक्स उम्मीद की किरण लेकर आए हैं। वे खुश हैं
और उन्होंने अपनी खुशी का इजहार खुलकर किया है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ घंटे अच्छे रहे और मंगलवार की सुबह वाकई अच्छी है। बोले- पिछले कुछ घंटों में हमें जो खबर मिली है, वो निश्चित रूप से शानदार है...उन लोगों के चेहरे देखना बहुत अच्छा है, जिन्हें हम घर लाने जा रहे हैं। हमारे पास उनके लिए भोजन है और उनसे संपर्क साधना अब आसान है।





डिक्स ने 10वें दिन की सुबह को शुभ बताया। वजह है मजदूरों तक ड्राई फ्रूट्स के बाद खिचड़ी पहुंची फिर कैमरा पहुंचा। जिन्हें देखने को पूरा भारत तरस गया था, इसमें वो दिखे।
सब कुशल मंगल है। परिवार ने भी कहा कि अब उम्मीद जगी है। डिक्स ने आगे कहा-हम अलग-अलग मोर्चों से भिड़े हुए हैं। ये एक अच्छी सुबह है। साइट तैयार होने के बाद वर्टिकल ड्रिलिंग शुरू हो जाएगी। एक्सपर्ट रेस्क्यू टीम के काम से प्रसन्न दिखे। बोले- वर्टिकल ड्रिलिंग के लिए जरूरी है कि वो सटीक हो... और मुझे लगता है कि यहां टीम ने अद्भुत काम किया है। यह शानदार है...वर्टिकल ड्रिलिंग के लिए दो स्थानों की पहचान की गई है...विश्वास है कि हम इन लोगों को सकुशल बचा लेंगे। भरोसा रखें 41 आदमी घर आने वाले हैं, बिना किसी दिक्कत के और यही हमारा मिशन है।

**सिलक्यारा में रेस्क्यू को पहुंचा डीआरडीओ का रोबोट**

उत्तरकाशी की सिलक्यारा निमार्णाधीन टनल में फंसे 41 मजदूरों को निकालने के लिए डीआरडीओ का रोबोट पहुंच चुका है। क्योंकि जिस स्थान से ह्यूम पाइप के के लिए श्रमिकों को निकालने के लिए रास्ता बनाया जा रहा वहां भूस्खलन का भारी खतरा है। इसके लिए एक रोबोट की मांग की गई है जिसके लिए आपदा सचिव डा. रणजीत सिन्हा ने रोबोट के लिए प्रयास किया। इसके बाद डीआरडीओ यहां पर रोबोट ले लाया है।
गौरतलब है कि डीआरडीओ भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय का आरएंड डी विंग है, जो अत्यधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकियों और महत्वपूर्ण रक्षा प्रणालियों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए भारत को सशक्त बनाने की द्दष्टि के साथ है, जबकि हमारे सशस्त्र बलों को राज्य के साथ देश स्तर पर आधुनिक तकनीक, प्रौद्योगिकी, उपकरणों और तकनीक से लैस करता है। तीनों सेनाओं की निर्धारित आवश्यकताओं के अनुसार हथियार प्रणाली और उपकरण उपलब्ध कराता है।
डीआरडीओ ने आत्मनिर्भरता से देश-दुनिया में अपना लोहा मनवाया है। उसने मिसाइलों की अग्नि और पृथ्वी श्रृंखला जैसे रणनीतिक प्रणालियों और प्लेटफार्मों के सफल स्वदेशी विकास और उत्पादन; हल्के लड़ाकू विमान, तेजस मल्टी बैरल रॉकेट लांचर, पिनाका वायु रक्षा प्रणाली, आकाश; रडार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली की ; एक विस्तृत श्रृंखला आदि ने भारत की सैन्य ताकत को क्वांटम जम्प दिया है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 22 नवंबर 2023 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## तीन वर्षीय बच्ची को मिनी बस ने कुचला, मां भी घायल

**जम्मू:** जम्मू की सीमांत तहसील आरएसपुरा में बुधवार को दर्दनाक हादसा हो गया। जम्मू-आरएसपुरा मार्ग पर कुल्लियां क्षेत्र में एक मिनी बस से उतरते हुए तीन वर्षीय की मौत हो गई। इस हादसे में बच्ची की मां भी घायल हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मां को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, आरएसपुरा के कुल्लियां में प्रीति देवी (34 वर्ष) पत्नी तरुण कुमार, निवासी गंडू कॉलोनी गुम्मट जम्मू ने अपनी बेटी दिव्यांशी को जैसे ही मिनी बस से नीचे उतरा तो चालक ने वाहन को चला दिया, जिसके चलते दिव्यांशी मिनी बस के पिछले टायर के नीचे आ गई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में प्रीति देवी के पैरों में चोट लगी है। मौका पाते ही चालक मौके से भाग निकला। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## पंजाब विसा कवरेज में विपक्ष की अनदेखी, हाईकोर्ट पहुंचा मामला

**चंडीगढ़:** पंजाब विधानसभा कवरेज में विपक्ष की अनदेखी का मामला पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट पहुंच गया है। कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने विधानसभा सत्र के दौरान लाइव कवरेज में सिर्फ सरकार और उनके नेताओं को दिखाने और विपक्ष की अनदेखी का आरोप लगाया है। याचिका हाईकोर्ट की रजिस्ट्री में दायर की गई है और इस पर बुधवार को सुनवाई होगी। बाजवा ने याचिका में बताया कि इस सरकार में जब भी विधानसभा सत्र का आयोजन किया जाता है तो इसकी लाइव कवरेज के दौरान पूरा फोकस सरकार और इसके नेताओं पर होता है। विपक्ष के नेताओं और मुद्दों की पूरी तरह से अनदेखी की जाती है। याची ने कहा कि वे जनता के चुने हुए प्रतिनिधि हैं और जनता को पूरा हक है कि वो विधानसभा में अपने प्रतिनिधियों को उनके मुद्दे उठाते हुए देखें। हाई कोर्ट से अपील की गई है कि विधानसभा कवरेज के दौरान सभी को पूरी कवरेज देने का निर्देश जारी किया जाए।

# शैक्षिक संस्थानों में भी तीसरी आंख से बेटियों की सुरक्षा

### योगी सरकार महिलाओं, बच्चों और सीनियर सिटीजन की सुरक्षा को लेकर काफी सजग

कैमरे की जद में

- सुरक्षा प्राथमिकता: शहरों के निजी कोचिंग संस्थानों की भी तीसरी आंख से मॉनिटरिंग की जा रही

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**योगी** सरकार महिलाओं, बच्चों और सीनियर सिटीजन की सुरक्षा को लेकर काफी सजग है। इसको लेकर लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। स्कूल जाने वाली बेटियों की सुरक्षा योगी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है, जिसको देखते हुए योगी सरकार ने सेफ सिटी परियोजना के तहत प्रदेश के 17 नगर निगमों और गौतमबुद्धनगर के सरकारी, गैर सरकारी विद्यायलों, कॉलेज, मदरसों, विश्वविद्यालयों के एंट्री और एग्जिट प्वॉइंट को सीसीटीवी से लैस किया है। इसके अलावा, इन शहरों के निजी कोचिंग संस्थानों की भी तीसरी आंख से मॉनिटरिंग की जा रही है। योगी सरकार ने यह निर्णय इन संस्थानों के बाहर लगने वाले अराजकतत्वों के जमावड़े और छेड़खानी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिये लिया है। इतना ही नहीं, योगी सरकार की ओर से निजी कोचिंग संस्थानों में बेटियों की सुरक्षा को लेकर एक गाइड लाइन भी जारी की गयी है।

**सीसीटीवी के लिए 2500 विद्यालयों को किया गया चिन्हित:** योगी सरकार द्वारा सेफ सिटी परियोजना के तहत 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर के 2500 विद्यालयों को सीसीटीवी से लैस करने के लिए चिन्हित किया गया। इनमें से 1692 विद्यालयों में सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं जबकि शेष में लगाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। इन संस्थानों में 26,568 सीसीटीवी लगाए जा चुके हैं। इनमें 68 मान्यता प्राप्त राजकीय विद्यालय, 646 सहायता प्राप्त वद्यालय और 1786 वित्त विहीन विद्यालय शामिल हैं। इन विद्यालयों के क्लासरूम, कॉरिडोर, प्रवेश एवं निकास द्वार पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। वहीं परियोजना के तहत 162 उच्च शैक्षणिक संस्थानों में 5,505 कैमरे लगाए गए। इनमें 21 राजकीय डिग्री/पीजी कॉलेज, 85 सहायता प्राप्त डिग्री/पीजी कॉलेज, 49 वित्त विहीन डिग्री/पीजी कॉलेज और 7 राज्य विश्वविद्यालय शामिल हैं। इसमें क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालय शामिल नहीं हैं। बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर कोचिंग संस्थानों के लिए जारी की गई गाइड लाइन परियोजना के तहत 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर के 606 कोचिंग संस्थानों को सीसीटीवी लगाने के लिए चिन्हित किया गया है। इनमें 448 कोचिंग संस्थान 17 नगर निगम और 158 कोचिंग संस्थान गौतमबुद्धनगर के शामिल हैं। वहीं 418 कोचिंग संस्थानों में 866 कैमरे लगाए जा चुके हैं जबकि शेष 188 कोचिंग संस्थानों में कैमरे लगाने की प्रक्रिया जारी है। इन सीसीटीवी कैमरों को नगर विकास विभाग द्वारा स्मार्ट सिटी के कंट्रोल रूम से इंटीग्रेट किया जा रहा है।

## पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क तक 4 लेन सड़क का होगा निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**लखनऊ** के मलिहाबाद तहसील स्थित अटारी गांव में योगी सरकार पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क का विकास कर रही है। लगभग 1100 एकड़ के क्षेत्रफल में विकसित की जा रही इस परियोजना को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए सरकार की ओर से अटारी गांव को फोर लेन रोड से जोड़ने की तैयारी है। इसके लिए कई विकल्पों पर विचार किया जा रहा है, जिसमें कम लागत में उच्च गुणवत्तापूर्ण कार्य संपन्न किया जा सके। उल्लेखनीय है कि मेगा टेक्सटाइल और अपैरल पार्क के विकास से 1 लाख युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध होने की संभावना है। योगी सरकार को इस पार्क में दस हजार करोड़ से अधिक के निवेश की उम्मीद है।

इस पार्क को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आत्याधुनिक सुविधाओं से भी लैस किए जाने की योजना है।



**फोर लेन परियोजना के लिए कई विकल्पों पर विचार:** योगी सरकार टेक्सटाइल और अपैरल पार्क के जरिए एक ही छत के नीचे व्यापारियों को कपड़ा उद्योग से संबंधित सभी आवश्यकताओं को पूरा करेगी, जिससे उद्योग की लागत कम हो सके। मानकों के अनुसार बुनियादी ढांचा स्थापित किया जाएगा। सीएम योगी के निर्देश पर अटारी फार्म स्थल तक 4 लेन चौड़े मार्ग की अधिकतम उपयोगिता एवं प्रस्तावित परियोजना की कम लागत के विभिन्न विकल्पों पर विचार किया गया। 13 अक्टूबर को प्राप्त दिशा-निर्देशों के क्रम में आउटर रिंग रोड से पीएम मित्र पार्क तक कुल लंबाई 14.280 किमी तथा रैथा अंडरपास से आईआईएम तक कुल लंबाई 8.800 किमी तक कुल 454.34 करोड़ रुपए का आगणन कर मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र) द्वारा 2 नवंबर को लोक निर्माण विभाग, लखनऊ को प्रेषित किया गया।



गोवा के सीएम प्रमोद सावंत और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सीबीसी प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलित कर उद्घआटन करते हुए।

## पंजाब विसा कवरेज में विपक्ष की अनदेखी, हाईकोर्ट पहुंचा मामला

**चंडीगढ़:** पंजाब विधानसभा कवरेज में विपक्ष की अनदेखी का मामला पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट पहुंच गया है। कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने विधानसभा सत्र के दौरान लाइव कवरेज में सिर्फ सरकार और उनके नेताओं को दिखाने और विपक्ष की अनदेखी का आरोप लगाया है। याचिका हाईकोर्ट की रजिस्ट्री में दायर की गई है और इस पर बुधवार को सुनवाई होगी। बाजवा ने याचिका में बताया कि इस सरकार में जब भी विधानसभा सत्र का आयोजन किया जाता है तो इसकी लाइव कवरेज के दौरान पूरा फोकस सरकार और इसके नेताओं पर होता है। विपक्ष के नेताओं और मुद्दों की पूरी तरह से अनदेखी की जाती है। याची ने कहा कि वे जनता के चुने हुए प्रतिनिधि हैं और जनता को पूरा हक है कि वो विधानसभा में अपने प्रतिनिधियों को उनके मुद्दे उठाते हुए देखें। हाई कोर्ट से अपील की गई है कि विधानसभा कवरेज के दौरान सभी को पूरी कवरेज देने का निर्देश जारी किया जाए। अभी यह याचिका हाई कोर्ट के रजिस्ट्री में फाइल की गई है, जिस पर 22 नवंबर को सुनवाई होगी।

## अब 40 देश पंजाब से सीखेंगे सेहत का राज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**पंजाब में** चल रहे आम आदमी क्लीनिक देखने के लिए अब पूरी दुनिया के 40 देश के प्रतिनिधि पहुंचेंगे, ताकि वह देश भी अपने इलाकों में बढ़िया तरीके से जरूरतमंद लोगों को घरों के पास ही अच्छी सेहत सुविधाएं दे पाएं। यह जानकारी पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री बलवीर सिंह ने मंगलवार को पंजाब भवन में पत्रकारवार्ता में दी। इस दौरान उनके साथ आम आदमी क्लीनिकों को संभालने वाली सेहत विभाग की टीम भी थी। उन्होंने बताया कि नैरोबी में आयोजित समागम में पंजाब के आम आदमी क्लीनिक को बेस्ट क्लीनिक अवार्ड मिला है। उन्होंने बताया कि भारत से सिर्फ इसी क्लीनिक मॉडल को पेश किया गया था।

**जल्दी ही 170 क्लीनिक खोले जाएंगे:** स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि आम आदमी क्लीनिक लोगों के लिए फायदेमंद साबित हो रहे हैं। खासकर कंडी एरिया में अब नए आम आदमी क्लीनिक खोले जाएंगे। सरकार की तरफ से 170 आम आदमी क्लीनिक और बनाने की मंजूरी दी गई है। इसमें से 100 क्लिनिक तैयार हो चुके हैं जबकि 70 पर जल्दी काम शुरू हो जाएगा। अब तक खुले क्लीनिकों से 78 लाख लोग फायदा उठा चुके हैं। मंत्री ने बताया कि अब सरकार सिविल और सब डिविजनल अस्पताल को मजबूत करने जा रही है। सारे सिविल और सब डिवीजन अस्पताल में सर्जरी तक की सुविधा मिलेगी।



स्वास्थ्य सेवाएं

- 170 आम आदमी क्लीनिक और बनाने की मंजूरी दी गई है। 100 क्लिनिक तैयार हो चुके हैं

## मांगी थी नौकरी, मिला आटा-दाल-चना; सरकार पर वरुण गांधी का तंज

**टीम एक्शन इंडिया/पीलीभीत** पीलीभीत के सांसद वरुण गांधी ने बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर शायराना अंदाज में तंज कसा है। उन्होंने कहा कि तेरी मुहब्बत में हो गए फना, मांगी थी नौकरी, मिला आटा-दाल और चना। अपने संसदीय क्षेत्र में पहुंचे सांसद ने कहा कि आज 90 प्रतिशत नौकरियां संविदा पर लग रही हैं। यानि जब चाहे रख लिया, जब चाहे फेंक दिया। उन्होंने कहा कि एक करोड़ सरकारी नौकरियों के पद खाली हैं। इसलिए खाली हैं, क्योंकि सरकार पैसा बचाना चाहती है। सरकार का काम बिजनेस करना नहीं बल्कि जो कमजोर लोग हैं, उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना है।

